लखनऊ, शनिवार, 1 अप्रैल 2023 | Email: starexpressnews@gmail.com | वर्ष : 16 अंक : 38 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में भारी बारिश, सड़क धंसने से ट्रैफिक प्रभावित

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड में सड़क का एक हिस्सा धंस गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट किया, प्रेस एन्क्लेव रोड पर हौज रानी रेड लाइट के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया है, जिसके कारण साकेत कोर्ट से पीटीएस, मालवीय नगर की ओर ट्रैफिक प्रभावित है। कृपया इस रुट से बचें। देश की राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में गुरुवार शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई। गुरुवार को, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने और गरज के साथ छींटे पड़ने की भविष्यवाणी की है।

### पीएम मोदी के भोपाल प्रवास के स्वागत कार्यक्रम स्थगित

(एजेंसी) भोपाल/इंदौर। इंदौर में रामनवमी के मौके पर बावड़ी की छत टूटने से हुए हादसे के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल प्रवास के दौरान होने वाले स्वागत समारोहों को स्थगित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री एक अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। भाजपा की ओर से अधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी में बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल आगमन को लेकर उनके स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रहीं थी, लेकिन इंदौर के मंदिर में हुई दुखद घटना के बाद पार्टी द्वारा रोड-शो, पुष्प वर्षा एवं किसी भी प्रकार का स्वागत कार्यक्रम नहीं होगा। रामनवमी के मौके पर बेलेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे और बावड़ी की छत पर बैठकर हवन पूजन आदि कर रहे थे। अचानक बावड़ी की छत धंस गई और उसमें लोग नीचे गिर गए। लगभग 50 लोग बावड़ी के पानी में जा समाए। उसके बाद से राहत और बचाव कार्य जारी है। बावड़ी के पानी को बाहर निकाला गया और मलबे में तलाशी चली। अभी भी एक व्यक्ति लापता है। प्रारंभिक तौर पर 13 लोगों की मौत हुई थी, बाद में सेना को राहत और बचाव कार्य के लिए बुलाया गया। रात भर तलाशी अभियान चला और लगातार शवों के मिलने का सिलसिला जारी रहा। हादसा स्थल पर मौजूद भाजपा के विधायक आकाश विजयवर्गीय ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि इस हादसे में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 18 लोग घायल हुए हैं।

### अवैध माइनिंग रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं

(एजेंसी) नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि अवैध माईनिंग पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठकें नियमित रूप से की जाए और इनमें प्रभावी कदम उठाएं जाए ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी चूक न रहें। मुख्य सचिव आज राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने संबंधित जिलों में की जा रही कार्यवाई बारे विस्तार से अवगत करवाया। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर गठित पोर्टल में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की हर माह आयोजित होने वाली बैठक के बारे में सूचना डाली जाए। इसके अलावा बैठक की कारवाई की सूचना भी निदेशालय को अवगत करवाई जाए। यमुनानगर के एक मामले में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से डाटा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

# यूपी औद्योगिक क्रांति 4.0 को लीड करेगा

## सीएम योगी बोले, हमारे बुनकर हमारी ताकत

(संवाददाता)

लखनऊ । यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों ने ये तय कर दिया है कि चौथी औद्योगिक क्रांति का मुख्य केंद्र उत्तर प्रदेश ही बनेगा। यूपी ही औद्योगिक क्रांति 4.0 का जनक होगा। प्रदेश के औद्योगिक विकास का केंद्रबिंदु यहां मौजूद 96 लाख एमएसएमई क्लस्टर हैं। समय आ गया है कि हमें अब प्रदेश में एमएसएमई प्रोडक्ट को नये मुकाम पर ले जाने के लिए डिजाइनिंग और पैकेजिंग इंस्टीट्यूट खोलने होंगे। इसके साथ ही विश्वकर्मा श्रम योजना से बैंकों को भी जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे हमारे कारीगर अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद प्राप्त



कर सकें। इसके लिए प्रदेश के हर जिले में बैंकर्स के साथ विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े कारीगरों की बैठकों का आयोजन किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित राज्य निर्यात पुरस्कार, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य पुरस्कार, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेशभर में राज्य के परंपरागत हस्तशिल्पी और कारीगरों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से सम्मानित करने के साथ ही टूलकिट उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि ओडीओपी आज प्रदेश के हर जनपद के प्रोडक्ट को ना सिर्फ प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि नई डिजाइन और तकनीक के साथ जोड़ते हुए उसके लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध करा रहा है। आज ओडीओपी यूपी के एमएसएमई सेक्टर की बैक बोन बन चुका है। इतना ही नहीं पूरे देश में ये आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बनकर उभरा है। ओडीओपी ने यूपी के हस्तशिल्पियों को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है। यही कारण है कि यूपी आज एक्सपोर्ट के हब के रूप में उभरकर सामने आया है। 2017 से पहले केवल 86 हजार करोड़ का निर्यात हम कर पाते थे, मगर इस वर्ष हम पौने दो लाख करोड़ का निर्यात करने जा रहे हैं। ये हमारे ओडीओपी के पोटेंशियल को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमने 51 बुनकरों को संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया है। ये बुनकर हमारी ताकत हैं। यूपी में ढाई से तीन लाख परिवार केवल बुनकरी के कार्य से जुड़े हैं। बुनकरों के करघों के लिए सरकार जल्द ही विद्युत के फ्रेट यूनिट की घोषणा करने जा रही है, जिससे इनकी कला को किसी का ग्रहण ना लगे। हम अच्छी डिजाइन और अच्छी तकनीक से जुड़ सकें, इसके लिए हमें अपनी ताकत को बढ़ाना होगा। सरकार हर कदम पर आपके साथ है। सीएम ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 75 हजार विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े कारीगरों को टूलकिट उपलब्ध कराई जा रही है। जैसे औद्योगिक विकास के लिए एमएसएमई की भूमिका है, वैसे ही समाज के लिए हमारे विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े लोग महत्वपूर्ण हैं। इसमें धोबी, हलवाई, कारीगर, मोची सहित वो तमाम वर्ग हैं जिनके बगैर हमारा जीवन चक्र चल ही नहीं सकता। हमने लगभग 16 ऐसी कैटेगरी तय की हैं। मैं प्रदेशभर में 75 हजार विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुडे कारीगरों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। हमें अब विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े कारीगरों के साथ बैंकों को भी जोड़ने का काम करना होगा। हमारे कारीगर, हमारे श्रमिक अपना बिजनेस शुरू कर सकें।

## पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री की जरूरत नहीं, गुजरात हाईकोर्ट, अरविंद केजरीवाल पर लगाया जुर्माना

(एजेंसी) नई दिल्ली। गुजरात हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के सात साल पुराने उस आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था। सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जीएसएलएसए) में राशि जमा करने के लिए कहा। केजरीवाल के वकील पर्सी कविना के अनुरोध के बावजूद न्यायमूर्ति वैष्णव ने अपने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अप्रैल 2016 में तत्कालीन केंद्रीय सूचना आयुक्त एम श्रीधर आचार्युलु ने दिल्ली विश्वविद्यालय और गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी को प्राप्त डिग्रियों के बारे में केजरीवाल को जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया था। तीन महीने बाद, गुजरात हाईकोर्ट ने सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी, जब विश्वविद्यालय ने उस आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया। सीआईसी का यह आदेश केजरीवाल द्वारा आचार्युलु को पत्र लिखे जाने के एक दिन बाद आया था, जिसमें कहा गया कि उन्हें (केजरीवाल) अपने सरकारी रिकॉर्ड को सार्वजनिक किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है और हैरानी है कि आयोग मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी को ''छिपानाश्श् क्यों चाहता है। पत्र के आधार पर आचार्युलु ने गुजरात विश्वविद्यालय को केजरीवाल को मोदी की शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड देने का निर्देश दिया।

## दिल्ली शराब घोटाला:

# मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

(एजेंसी)

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू अदालत से मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद अब सोसिदिया को जेल में ही रहना होगा। बता दें कि, एक सप्ताह पहले इस मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने सिसोदिया की



जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शराब घोटाले मामले का विवरण और गवाहों के बयान अदालत के सामने पेश किए थे। सीबीआई की दलील से पहले पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा था कि उन्हें हिरासत में रखने से सीबीआई का मकसद पूरा नहीं होगा। इस मामलें में सभी रिकवरी पहले ही की जा चुकी हैं। मैंने, सीबीआई की जांच में पूरा सहयोग किया। उन्होंने जब बुलाया, उनके पास हाजिर हुआ। साथ ही इस बात का हवाला भी दिया था कि पब्लिक लाइफमें एक्टिव होने की वजह से समाज में उनकी गहरी जड़ें हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए वह जमानत पाने के हकदार हैं। गौरतलब है कि, दिल्ली शराब घोटाला मामले में 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। वहीं मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। उसके बाद से लगातार प्रयासों के बावजूद मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं मिली है।

# कोविड से घबराने की जरूरत नहीं, सरकार तैयार है: केजरीवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बैठक कर कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, सरकार तैयार है। सीएम केजरीवाल ने बैठक के बाद अपनी सरकार की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा, दिल्ली में किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार पूरी तरीके से नजर रखे हुए है और हर तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से मास्क की अब तक कोई गाइडलाइन नहीं आई है। लेकिन इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी में दिल्ली में 100 फीसदी मास्क पहनने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एयरपोर्ट पर दो फीसदी रेंडम टेस्टिंग की जायेगी। केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर कहा कि अब तक कोविड के मामलों में दिल्ली में तीन लोगों की मौत हुई है। हालांकि उन्हें कई अन्य बीमारी भी थी। उन्होंने कहा कि अब तक हमने सौ फीसदी जीनोम सिक्वेंसिंग की है। अभी दिल्ली में एक्स बीवी 1.16 कोवीड वेरिएंट के केस अधिक आ रहे हैं। दिल्ली 48 फीसदी लोगों को यही वेरिएंट है, ये इतना खतरनाक नहीं कि मरीज को अस्पताल में एडमिट होना पड़े या जानलेवा साबित हो लेकिन इस पर कॉविड वेक्सिन का कोई असर नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली सरकार के अस्पतालों की 26 मार्च को खुद एक मॉकड्रिल की थी कि अस्पताल नए केस को लेकर कितने तैयार हैं। अब केंद्र सरकार 10 और 11 अप्रैल को दिल्ली के सारे अस्पतालों की मॉक ड्रिल करेगी। दिल्ली सरकार कोविड प्रोटॉकॉल का पालन करने के लिए एक मिडिया कैंपेन भी चलाएगी। हर अस्पताल में एक आइसोलेशन वार्ड भी बनाया जायेगा। एक्यूट रेस्प्रेरेट्री बीमारी वाले अस्पतालों में 100 फीसदी टेस्टिंग की जा रही है।


# स्वच्छ प्रशासन और आवास, पूरी होगी सबकी आस

## डिप्टी सीएम ने अयोध्या के कसारी गांव में लगाई चौपाल, जनता से सीधे किया संवाद

❑ सुशासन विकास रोजगार, सरकार चली जनता के द्वार : केशव

(संवाददाता)

लखनऊ । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ, पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन देकर सबकी आशाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है ।सुशासन विकास,रोजगार व जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सरकार जनता के द्वार पर जा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज शुक्रवार को अयोध्या के



विकासखंड मवई स्थित कसारी गाँव में आयोजित ग्राम चौपाल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी काअवलोकन किया तथा योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। वहां पर वृक्षारोपण भी किया। अयोध्या के कसारी गाँव की ग्राम चौपाल में ग्रामीण जनों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निदान हेतु निर्देशित किया। कहा कि जनता की समस्यायों व कार्यों के लिए लोगों को राजधानी तक न दौड़ना पड़े ,इससे निजात दिलाने के लिए ग्राम चौपाल व्यवस्था शुरू की गई है, अब सरकार खुद आपके गांव तक आकर और घर बैठे आपकी समस्या का निदान करने आ रही है। ग्राम चौपालो में जनता से सीधा संवाद हो रहा है। माताओं-बहनों व ग्रामीण जनों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम चौपालों का आयोजन कर सरकार खुद जनता के द्वार पर चलकर जा रही है। प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है और गांव की समस्या गांव में समाधान किया जा रहा है ।चौपालों के दौरान गांव में कराए गए विकास कार्यों का भी किया जा रहा है स्थलीय निरीक्षण भी किया जाता है। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी ग्राम चौपालों में सुनिश्चित की जाए रही है ।ग्राम चौपालों के आयोजन से गांव में विकास का रथ तेजी से बढ़ रहा है। गांव की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है ।उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड की व्यवस्था की गयी है ।सबको भरपेट भोजन देना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश मे 15 करोड़ गरीबों को खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना मे 1.75 करोड़ से अधिक परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं ।मोटे अनाजों के प्रयोग को बढ़ावा श्रीअन्न व प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती, को बढ़ावा दिया जा रहा है ।हर हाथ को हुनर के लिए 1500 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। 9 करोड़ पशुओं का टीकाकरण और 6484 गोआश्रय स्थलों की स्थापना की गयी है। 2लाख से अधिक महिलाएं पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित हुयी हैं। उद्यमियों को प्रोत्साहन नई एम एस एम ई नीति लागू की गयी है ।पावर फॉर ऑल के तहत एक करोड़ 58 लाख घरों का विद्युत संयोजन दिया गया है।

## हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने उद्योगपतियों को हरियाणा में किया आमंत्रित

(एजेंसी)

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में प्रभलीन द्वारा लिखित श्सिख बिजनेस लीडर्स ऑफइंडियाश् नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर खट्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार ने अनुकूल वातावरण बनाया है और विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें हरियाणा में व्यापार करने में कोई समस्या नहीं आएगी। सरकार ने सिंगल-विंडो सिस्टम बनाया है, इसके तहत उद्योगों को सभी प्रकार की अनुमति 45 दिनों में दी जाती है। सरकार ने चार श्रेणियां ए, बी, सी और डी बनाई हैं। यदि श्रेणी सी और डी जोन में उद्योग स्थापित किए जाते हैं, तो सरकार अगले चार वर्षों के लिए प्रति कर्मचारी प्रति माह 4,000 रुपये की प्रतिपूर्ति करेगी। खट्टर ने कहा कि सिख समुदाय ने राज्य, देश और दुनिया में भी बहुत बड़ा योगदान दिया है। यह समुदाय एक कामकाजी समुदाय है और अपने व्यवसाय, परिवार, देश और समाज को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष के साथ कड़ी मेहनत की है। वे जरूरतमंदों को आगे बढ़ाने और उत्थान के लिए भी काम कर रहे हैं, जो किसी कारण से मुख्यधारा से पीछे रह गए हैं।

# बुलंदशहर में कैमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, 5 लोगों की मौत

(संवाददाता)

लखनऊ । बुलंदशहर में कैमिकल फैक्ट्री में विस्फोट हो गया जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के बुलन्दशहर में एक कैमिकल फैक्ट्री में भयंकर विस्फोट हुआ है। तेज धमाके के साथ फैक्ट्री पूरी तरह से ध्वस्त हो गई।इस हादसे में 5 लोगों के मौत बताई गई है। विस्फोट इतना भयंकर था कि शवों को चिथड़े उड़ गए।धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।आसपास के मकानों के खिड़की के शीशे भी टूट गए। राहत-बचाव का काम जारी है। बुलंदशहर में एक केमिकल फैक्ट्री शुक्रवार की दोपहर तेज धमाका होने से फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे पांच मजदूरों की मौत हो गई है, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाजें करीब दो किमी दूर तक सुनी गई और आसपास की इमारतों के खिड़की दरवाजों में लगे कांच टूट कर बिखर गए। धमाके के साथ ही मजदूरों के शरीर के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए। बुलंदशहर एसपी श्लोक कुमार के मुताबिक 112 पर सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना आई । फायर ब्रिगेड और फोरेंसिक टीमें बचाव कार्य के साथ घटना के कारणों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अब तक चार लोगों के मौत की जानकारी मिली है। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया



गया है। यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र के नया गांव में हुआ है। यहां एक मकान के अंदर अवैध तरीके से केमिकल फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो मौके से कई खाली सिलेंडर और कुछ भरे हुए सिलेंडर बरामद हुए हैं। आशंका है कि सिलेंडरों से रिसाव होने की वजह से पहले आग लगी थी और देखते ही देखते धमका हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि करीब दो से ढाई किमी दूर तक इसकी आवाजें सुनी गई। धमाका केवल एक बार नहीं हुआ बल्कि एक एक कर कई धमाके हुए। धमाके के दौरान फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों को चिथड़े उड़कर आसपास के खेतों में जा गिरे हैं।

# शास्त्री पार्क के एक घर में लगी आग, दम घुटने से 6 की मौत

(एजेंसी)

नई दिल्ली। दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक घर में आग लग गई। इस हादसे में दम घुटने से एक बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, पुलिस कंट्रोल रूम को शास्त्री पार्क थाने में सुबह करीब 9 बजे एक कॉल मिली कि शास्त्री पार्क के मजार वाले रोड पर माछी मार्केट के पास एक घर में आग लग गई है। अधिकारी ने कहा, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। घायलों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, जलने और दम घुटने से छह लोगों की मौत हुई, जिनमें




चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। अधिकारी ने कहा, 15 वर्षीय लड़की सहित दो लोगों का इलाज चल रहा है। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जलती हुई मॉस्किटो क्वायल रात के समय गद्दे पर गिर गयी थी, जिसके चलते आग लग गई। अधिकारी ने कहा, जहरीले धुएं के कारण लोग बेहोश हो गए और बाद में दम घुटने से उनकी मौत हो गई। आगे की जांच जारी है।

CMYK

## संपादकीय

### कोविड संग जीना

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की दस्तक चिंता का सबब है। पिछले चौबीस घंटे में एक हजार से कुछ कम नये संक्रमितों का पता चला तथा महाराष्ट्र व गुजरात में दो-दो मौतों की बात कही जा रही है। संक्रमण पिछले पांच महीनों में सबसे ज्यादा है। कुल संक्रमितों की संख्या साढ़े नौ हजार व दैनिक संक्रमण दर 1.56 बतायी जा रही है। हालांकि देश में अब तक 220.65 करोड़ कोविड रोधी टीके की खुराकें लगायी जा चुकी हैं। जिसने देश को नया आत्मविश्वास दिया है। लेकिन बूस्टर डोज के प्रति उदासीनता चिंताजनक है। दरअसल, कोरोना के नये सब वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 को बढ़ते संक्रमण का कारण बताया गया है। ज्यादातर मामले महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, दिल्ली व कर्नाटक में दर्ज किये गये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों को हालात पर नजर रखने व टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय व आईसीएमआर की संयुक्त एडवाइजरी के मुताबिक कोरोना से बचाव की तैयारी के लिये दस व ग्यारह अप्रैल में पूरे देश में मॉक ड्रिल करने की योजना बनायी गई है। दरअसल, कोविड संक्रमण के साथ ही इन्फ्लूएंजा एच3एन2 के मामलों में वृद्धि भी चिंता बढ़ा रही है। विशेषज्ञों की राय है कि कोविड से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित हो। साथ ही बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। संक्रमण की एक वजह मौसम में बदलाव भी बताया जा रहा है।दरअसल, पुराने अनुभव के अनुरूप मास्क लगाने, भीड़भाड़ से बचने, खांसते समय मुंह ढकने तथा सेनिटाइजर के उपयोग पर बल दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत में जहां संक्रमण की दर एक फीसदी है, वहीं अमेरिका में उन्नीस व रूस में बारह फीसदी है। इस बाबत हुई बैठक में प्रधानमंत्री ने टेस्टिंग व जिनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाने पर जोर दिया है। खासकर सांस संबंधी बीमारी से पीड़ितों के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरतने की बात कही गई है। दरअसल, यह एक हकीकत है कि कोविड का वायरस हमारे परिवेश में लगातार नये रूप बदलकर दस्तक देता ही रहेगा, अतरू हमें कोविड के साथ जीने की आदत डालनी होगी। ऐसे में जरूरी है कि हम सजगता से कोविड से बचाव के उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। सरकार इसकी जांच, उपचार व जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि देश में सफल टीकाकरण के चलते अब अस्पताल में भर्ती होने व मरने वालों की संख्या में पहले जैसी वृद्धि नहीं होगी। हमें 'जान भी और जहान भी' की नीति का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अर्थव्यवस्था पर किसी तरह के प्रतिबंधों का प्रतिकूल असर न पड़े। वर्ष 2020 में लॉकडाउन से हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा था और लाखों लोगों को अपनी रोजी-रोटी से हाथ धोना पड़ा था। हाल में चीन तक में जीरो कोविड नीति के खिलाफउग्र प्रदर्शन के बाद इस नीति में बदलाव करना पड़ा था।

### अयोग्यता का पैमाना क्या है

वायनाड से सांसद रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर में अपने परिचय में डिस्क्वालिफाईड एमपी यानी अयोग्य सांसद लिख दिया है। 23 मार्च को सूरत के सत्र न्यायालय ने राहुल गांधी को 2019 में दिए गए एक भाषण में आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई और 24 मार्च को जनप्रतिनिधि कानून के तहत लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई। अमूमन धारणा यही है कि सरकारी कामकाज में थोड़ा वक्त लगता है। एक मेज से दूसरी मेज तक फाइल पहुंचती है, सारे नियमों की पड़ताल होती है और तब जाकर कोई आदेश पारित होता है। लेकिन राहुल गांधी को संसद से बाहर निकालने की सारी प्रक्रिया एक दिन के भीतर पूरी कर ली गई। 23 मार्च की दोपहर को दोषी ठहराए जाने के बाद 24 मार्च की दोपहर तक वे सांसद रहने के पात्र भी नहीं रहे। कांग्रेस ने इस सारे घटनाक्रम को राजनैतिक बदला बताया, तो भाजपा ने अपने बचाव में फिर से कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा किया। सवाल किए जा रहे हैं कि क्या राहुल गांधी के लिए अलग नियम-कानून बनेंगे। जो कुछ हुआ, वह अदालत का फैसला है, और कांग्रेस इस पर सवाल उठा रही है। भाजपा का यह तर्क आधा सच है, जो झूठ से कहीं अधिक खतरनाक होता है। अदालत ने राहुल गांधी को दोषी ठहराया और सजा दी, यह सच है। लेकिन यह भी सच है कि राहुल गांधी ने जिन लोगों का नाम अपने उस बयान में लिया था, जिस पर मोदी समाज की भावनाएं आहत करने, ओबीसी का अपमान करने का आरोप लगाया, उन लोगों में से किसी ने भी राहुल गांधी पर मामला दर्ज नहीं कराया। नीरव मोदी, ललित मोदी देश से बाहर हैं और नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, और इनमें से किसी ने श्री गांधी पर मानहानि का मामला दर्ज नहीं किया। यह मुकदमा किया पूर्णेश मोदी ने, जो भाजपा के विधायक और मंत्री रह चुके हैं। पूर्णेश मोदी ने भी पिछले साल इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट से स्टे ले लिया था, लेकिन इस साल 16 फरवरी को फिर से इस मामले पर सुनवाई शुरु हुई। संयोग ये है कि 7 फरवरी को राहुल गांधी ने संसद में अडानी-मोदी रिश्तों पर कड़ी टिप्पणी कर कुछ ऐसे सवाल किए थे, जिन पर जवाब देने में भाजपा को कठिनाई हुई। सूरत की अदालत में मामले की सुनवाई शुरु होते ही एक महीने के भीतर फैसला भी आ गया और इसमें जो अधिकतम सजा हो सकती है, उतनी यानी 2 साल की सजा राहुल गांधी को हुई। सब कुछ कानूनन हुआ, यह भाजपा की दलील है। भाजपा को इतिहास के उन पन्नों को भी पलटना चाहिए, जब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में आपातकाल की घोषणा संवैधानिक प्रावधानों के तहत ही की गई थी, लेकिन भाजपा अब भी हर साल आपातकाल की बरसी मनाती है, इंदिरा गांधी पर लोकतंत्र को गिरवी रखने का आरोप लगाती है। अगर आपातकाल के फैसले को राजनैतिक नजरिए से देखा जा सकता है, तो राहुल गांधी के प्रकरण को क्यों नहीं देखा जा सकता, यह सवाल अब सियासी मंच पर आ चुका है। राहुल गांधी ने संसद से निष्कासन के अगले दिन ही प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें कोई अनूठी बात भी नहीं है, क्योंकि वे अपने राजनैतिक करियर में लगातार ही प्रेस कांफ्रेंस करते रहे हैं। पत्रकार उन्हें घेरने की कोशिश करें, उनका मजाक उड़ाएं, उन्हें जबरन फंसाने के लिए आड़े-तिरछे सवाल पूछें, राहुल गांधी ने इनमें से किसी भी बात को प्रेस कांफ्रेंस न करने का बहाना नहीं बनाया। वे हिंदी में सहज नहीं हैं, अंग्रेजी में हैं, फिर भी वे अक्सर दोनों भाषाओं में सवालों के जवाब देते हैं। बहरहाल, इस प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर यही बात कही कि वे अडानी प्रकरण पर सवाल पूछना जारी रखेंगे, किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। अपनी बातों और बयानों से राहुल गांधी बार-बार यह जतला चुके हैं कि वे किसी तरह के दबाव में नहीं आने वाले, किसी कार्रवाई, किसी फैसले से डरने नहीं वाले, अपने बोले की हर कीमत वे चुकाने तैयार हैं। भाजपा तक उनकी यह निडरता का संदेश शायद पहुंच चुका है, लेकिन उसे ग्रहण करने में कहीं कोई असुविधा हो रही है। इसलिए भाजपा अब भी राहुल गांधी को किसी न किसी तरह निशाने पर ले ही रही है। शनिवार को उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद फिर से भाजपा की ओर से रविशंकर प्रसाद पत्रकारों के सामने उपस्थित हुए और फिर से राहुल गांधी को कोसने का सिलसिला चल निकला। देश में इस वक्त अभूतपूर्व महंगाई का सामना जनता कर रही है, बेरोजगारी की समस्या का कोई हल नहीं दिख रहा, सड़कों और घरों, दोनों जगह लड़कियां असुरक्षित हैं, जाति-धर्म की खाई अनेकता में एकता वाले भारत में बढ़ती जा रही है, चीन से खतरा अपनी जगह बरकरार है, यानी छोटे-बड़े कई तरह के संकटों से देश गुजर रहा है और सत्ताधारी पार्टी होने के नाते इस वक्त भाजपा के पास इन मुद्दों को सुलझाने के अलावा जरा भी वक्त नहीं होना चाहिए कि वह विपक्षी पार्टी के एक सांसद पर उसे जाया कर सके। लेकिन आलम ये है कि संसद में कई जरूरी विधेयक बिना किसी चर्चा के पारित हो गए, बाकी समस्याओं पर कहीं कोई सार्थक चर्चा हो नहीं रही है। और राहुल गांधी पर बड़े से लेकर छुटभैये नेता तक सब बयानबाजी करने में लगे हैं। राहुल गांधी ने तो अब खुद ही अपने आगे अयोग्य सांसद लिख दिया है। इससे शायद भाजपा तक यह संदेश पहुंचे कि एक अयोग्य सांसद पर अपनी ऊर्जा खर्च न करके सार्थक कामों की ओर ध्यान दे।

# दुनिया में मोटा अनाज की अहमियत

**डॉ नन्द किशोर साह**

मोटा अनाज की अहमियत दुनिया जान चुकी है। इसी कारण वर्ष 2018 को नेशनल ईयर ऑफमिलेट्स के रूप मे मनाया गया। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स यानी कि मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। श्रीअन्न वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह न केवल वैश्विक बेहतरी के लिए जरूरी है बल्कि वैश्विक बेहतरीन में भारत की बढ़ती जिम्मेदारी के प्रतीक भी है। इसमें श्रीअन्न की खेती इससे जुड़ी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव को भी जाना जा सकेगा। वैश्विक सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक अनुकूलित डाक टिकट और ঘ75 के सिक्के का भी अनावरण किया है। इसके अलावा बुक ऑफस्टैंडर्ड को भी लंच किया गया। आईसीआर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च को वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीअन्न सिर्फखेती या खाने तक सीमित नहीं, जो लोग भारत की परंपराओं से प्रचलित है, वह यह भी जानते हैं कि हमारे यहां किसी के नाम के आगे श्री ऐसे नहीं जुड़ता है, जहां श्री होती है, वहां समृद्धि भी होती है और समग्रता भी होती है। श्रीअन्न भी भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इसमें गांव भी जुड़ा है, गरीब भी जुड़ा है। श्रीअन्न का तात्पर्य देश के छोटे किसानों की समृद्धि का द्वार, देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार, देश के आदिवासी समाज का संस्कार, कम पानी में ज्यादा फसल देने की फसल की पैदावार, केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार, जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में मददगार है। श्रीअन्न खाद्य सुरक्षा से निपटने में मदद कर सकता है। यह देश के बड़े सम्मान की बात है कि भारत के प्रस्ताव को 72 देशों ने समर्थन दिया। भारत बाजरा या श्रीअन्न को वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। श्रीअन्न प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों मे भी रसायन एवं उर्वरक के बिना आसानी से उगाया जा सकता है। इनको ज्यादा सिंचाई और खाद की जरूरत नहीं होती। इन्हें सुखी इलाकों में भी आसानी से उगाया जा सकता है। देश में 1960 में हरित क्रांति से पहले तक



सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। कृषि में मोटे अनाज की हिस्सेदारी 40: थी लेकिन हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद इसका हर तरफअधिकतम उपयोग होने लगा। जिसमें मोटे अनाज पिछड़ गए और हिस्सेदारी घटकर मात्र 20: रह गई। हालांकि तकनीक और अन्य सुविधाओं के दम पर पांच दशक पहले की तुलना में प्रति हेक्टेयर मोटे अनाजों की उत्पादकता बढ़ गई है। लेकिन इनका रकबा तेजी से घटा है और इनकी पैदावार कम हो गई है। प्रधानमंत्री की अपील एक बार फिर लोगों से ध्यान आकर्षित हुआ है। भारत 170 लाख टन से अधिक श्रीअन्न का उत्पादन करता है, जो एशिया का 80 फीसदी और वैश्विक उत्पादन का 20 फीसदी है। जबकि मोटे अनाज की वैश्विक औसत उपज 1229 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है और भारत में 1239 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। भारत श्रीअन्न मिशन से देश के 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। आज बाजरा राष्ट्रीय खाद टोकरी में केवल 5 से 6 फीसदी है। इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी ज्यादा है। वर्ष 2022-24 का एमएसपी ঘ2970 प्रति क्विंटल है। मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन एवं खनिजों का भंडार है। मोटे अनाज के उत्पादन में पानी की कम खपत होती है। कम कार्बन उत्सर्जन होता है। इसे शुष्क क्षेत्रों में भी उगाया जा सकता है। इनकी खेती सस्ती होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है। लंबे समय तक संग्रहण योग बने रहते हैं। मोटे अनाज की फसल में कीड़े के आक्रमण का असर नहीं होता। खेती से ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में लोग मोटे अनाज की खेती करना धीरे-धीरे बंद करने लगे जबकि हम बचपन से ही मोटा अनाज खाते आ रहे हैं। अभी मोटा अनाज उत्पादन में छत्तीसगढ़ पहले और मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर हैघ। इसमें आदिवासी इलाकों का ही योगदान है वरना ज्यादा मुनाफे के चक्कर में लोग सोयाबीन, तिलहन और हाइब्रिड अनाज बोने में लग गए और अपने परंपरागत अनाज को भूल गए। मोटे अनाज देश की खाद और पोषण सुरक्षा में बड़े पैमाने पर योगदान करते हैं। पोषक अनाजों की श्रेणी में ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, चीना, कोदो, चीलाई, कुटकी, काकुन, सावा और अन्य प्रमुख है। भारत में ब्रिटिश राज्य के आगमन के साथ हमें अंग्रेजों ने एक खोखली औपनिवेशिक विरासत दी और उसी के परिणाम स्वरूप मोटे अनाजों को गरीबी और विफलता का प्रतीक मान लिया गया। अंग्रेजों ने बड़ी चतुराई से हम पर वे खाद्य और पेय लाद दिए, जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक बल्कि भारतीय मिट्टी में उनकी उपज और गुणवत्ता वैसी नहीं थी। फलस्वरूप भारत में मधुमेह, मोटापा, अपच और कब्ज जैसी तमाम बिन बुलाए बीमारियां सर्वव्यापी हो गई। अपने को अमीर, संपन्न और आधुनिक दिखाने के चक्कर में हमने इन अनाजों को खेतों और थाली दोनों से बहिष्कृत कर दिया। मोटे अनाजों को पोषण का शक्ति केंद्र कहा जाता है। पौष्टिकता से भरपूर मोटा अनाज सेहत के लिए रामबाण है। रेशे और कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर मोटा अनाज शुगर, हार्ट, लिवर, ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए रामबाण साबित हो रहा है। कोलेस्ट्रॉल स्तर सुधारते हैं। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं की पोषण में विशेष लाभप्रद है। सप्ताह में 4 दिन गेहूं चावल और 3 दिन मोटा अनाज का उपयोग करना चाहिए। मिलेट्स के उपयोग से दलिया, खीर, रोटी, कुकीज, पुलाव, डोसा, पास्ता आदि कई प्रकार की चीजें बनाई जा सकती हैं। नि:संदेह मोटे अनाज एक कारगर औषधि साबित हो सकती है। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक स्थान प्रणाली प्रदान करता है। इन खूबियों के कारण सरकार अब इसकी पैदावार पर जोर भी दे रही है। मोटे अनाज की मांग तेजी से बढ़ने के कारण कंपनियां भी इसके फायदे बताकर उनकी अच्छी कीमतों पर बिक्री कर रही है। भारत में सदियों से मोटे अनाज का उत्पादन होता रहा है। इसकी वजह यह है कि इसकी उत्पादन लागत कम होती है। अधिक तापमान में खेती संभव है। मोटे अनाज किसान हितैषी फसल हैं। इसके उत्पादन में पानी की कम खपत और कम कार्बन उत्सर्जन होता है। इससे उन जगहों का बढ़ावा दिया जाएगा, जहां पानी का संकट है, जिससे कि भूजल का दोहन कम हो और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल भी रुके। साथ ही कम उपजाऊ भूमि में इसका उत्पादन हो सकता है। इसके अलावा कीटनाशकों की कम जरूरत होती है और किसान रासायनिक खादों से परहेज करते हुए कंपोस्ट खाद से बीज का उत्पादन कर सकते हैं। कृषि विभाग किसानों को उपज की बिक्री में भी सहयोग करेगा। इसके तहत किसानों को नि:शुल्क और अनुदान पर फसलों के बीज वितरित किए जाएंगे। खरीफ सीजन में इसकी बुवाई होगी। अक्टूबर तक फसल तैयार हो जाएगी। भारत के अधिकांश राज्य एक या अधिक मोटे अनाजों उगाते हैं। अप्रैल 2018 से सरकार देश भर में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। मोटे अनाजों के उत्पादन और निर्यात में पूरी दुनिया में भारत पहले क्रम पर है। बाजरा भारत मे सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला मिलेट्स है। इसमे चावल की अपेक्षा 8 गुना अधिक आयरन पाया जाता है। बाजरे की तासीर गरम होती है। इसे सर्दी के मौसम मे खाया जाता है। यह पोटेशियम, मेग्नीशियम, आयरन, जिंक, फास्फोरस, कॉपर तथा विटामिन ए का अच्छा स्रोत है। साथ ही इसका स्वाद भी अच्छा होता है। उन्हें सप्ताह मे तीन दिन अपने भोजन मे जरूर शामिल करना चाहिए। यह घास की प्रजाति का अनाज होता है। मिलेट्स अत्यंत पोषक, पचने मे आसान तथा उगाने मे भी आसान होते हैं। इनका सही तरीके से उपयोग कई प्रकार की बीमारी से बचाव कर सकता है। अधिक उत्पादन भूख और कुपोषण की समस्या हल करने मे बहुत सहायक हो सकता है। अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गेहूं-चावल के बजाय मोटा अनाज देने की जरूरत है। इससे पोषण सुधारने के साथ-साथ मोटे अनाज के उत्पादन और खपत को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# संसद की सार्थकता बनी रहे



संसद का बजट सत्र अभी चालू है जबकि आगामी वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पारित हो चुका है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि बजट पारित होने की औपचारिकता पूरी हो जाने के बाद बजट सत्र भी सोमवार या मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जायेगा। सवाल उठ रहा है कि क्या संसद के विभिन्न सत्रों का आयोजन अब केवल कोई औपचारिकता मात्र ही रह गई है क्योंकि भारत में संसद का सत्र साल में केवल 55 या 56 दिन ही हो पाता है। जबकि इससे पहले पिछले दशक तक यह मांग होती रहती थी कि संसद का सत्र साल में कम से कम एक सौ दिन जरूर होना चाहिए। मगर सरकारें बदलती रहीं संसद की बैठकें भी कम होती रहीं। भारत को दुनिया का संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र माना जाता है। इसका मतलब यही है कि हमारी जो संसदीय परंपराएं हैं वे इतनी स्वस्थ हैं कि संसद के भीतर हर विषय पर जमकर बहस-मुहाबिसा होता है। मगर हम देख रहे हैं कि ऐसा नहीं हो पा रहा है और संसद का अधिकतम समय शोर-शराबे में ही जाता है और संसद के सुचारू रूप से न चलने का दोष सत्तारूढ़ व विपक्ष एक-दूसरे पर मढ़ने से पीछे नहीं रहते। यह तरीका कहीं न कहीं संसदीय प्रणाली को भीतर से नुकसान पहुंचा रहा है और लोगों का विश्वास संसद के प्रति कम हो रहा है जो हमारे लोकतन्त्र के लिए बहुत हानिकारक है। लोकतन्त्र में संसद जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का सबसे ऊंचा सदन होता है और इसकी ताकत भी इस हद तक होती है कि इसे सार्वभौमिक कहा जाता है। मगर संसद की सार्वभौमिकता की रक्षा इसमें पहुंचने वाले सांसद ही करते हैं क्योंकि उन्हें देश के लिए कानून बनाने का अधिकार होता है मगर केवल कानून बनाना या विधेयक पारित करना ही संसद का काम नहीं है बल्कि देश की परिस्थितियों के साथ ही इसके आम लोगों के जीवन परिवर्तन लाना भी इसका परम कर्त्तव्य होता है। इस बारे में लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर का यह कथन आने वाली पीढिय्यों के लिए प्रकाश स्तम्भ का काम करता रहेगा जो उन्होंने संसद व इसके सदस्यों के बारे में कहे थे। उन्होंने कहा था कि आने वाली पीढ़ियां किसी संसद का आंकलन इस आधार पर नहीं करेंगी कि उसके सदस्यों ने कितने विधेयक पारित किये बल्कि इसके आधार पर करेंगी उन्होंने आम हिन्दोस्तानियों के जीवन में क्या-क्या सकारात्मक बदलाव किये। अत: भारत के सांसदों को स्व. मावलंकर के इन विचारों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उसके बाद खुद अपने आपसे ही सवाल करना चाहिए कि क्या वे अपने कर्त्तव्य की पवित्रता को निभा रहे हैं और जिन मतदाताओं ने उन्हें चुन कर भेजा है उनके साथ न्याय कर रहे हैं। सवाल किसी पक्ष का नहीं है क्योंकि संसद में पहुंचने के बाद हर पक्ष के सांसद के अधिकार बराबर होते हैं और सभी को सरकार से सीधे सवाल पूछने का अधिकार मिला होता है। मगर हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए इनके अध्यक्ष या सभापतियों की जो संवैधानिक व्यवस्था की उसके अन्तर्गत संसद के सदस्यों के अधिकारों के वे ही संरक्षक होते हैं। अत: उनका भी यह दायित्व बनता है कि संसद के भीतर हर प्रमुख मुद्दे पर रचनात्मक बहस का वातावरण बने। इस काम में अध्यक्ष का सहयोग करने की जिम्मेदारी प्राथमिक रूप से सत्तारूढ़ पक्ष पर इसीलिए डाली गई जिससे संसद की सार्थकता हर सूरत में बनी रहे। मगर अब जो वातावरण बन रहा है उसमें हर स्तर पर ढिलाई नजर आ रही है जो कि लोकतन्त्र के लिए ठीक नहीं कही जा सकती। यदि कल को जनता अपने सांसदों से यह पूछे कि बजट सत्र के दौरान उन्होंने क्या किया तो दोनों पक्षों के सांसदों को ही कहना पड़ेगा कि उन्होंने जमकर शोर-शराबा और नारेबाजी की। इसमें सबसे बड़ा खतरा संसद की गरिमा पर ही मंडराता है जिससे जनता का भरोसा डोलता है। इस भरोसे को किसी भी तरह से नहीं डोलना चाहिए क्योंकि जनता ही लोकतन्त्र की असली मालिक होती है और संसद में बैठने वाला हर सदस्य जनता का मालिक नहीं बल्कि सेवक होता है। हर पांच साल बाद जनता चुनावों में इन्हीं सेवादारों को मजदूरी उनकी सेवा के अनुरूप देती है। यह बात संसद सदस्यों को हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए क्योंकि चुनावों में जनता पूरे पांच साल का हिसाब मांगती है। इसके साथ ही भारत का लोकतन्त्र केवल चुनावी औपचारिकता नहीं होती बल्कि हर कदम पर आम आदमी को सशक्त करने की प्रणाली होती है। इसी प्रणाली के तहत 75 सालों में हर भारतीय ने अपनी मेहनत से उस भारत को आज दुनिया के 20 औद्योगिक देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है जिसमें 1947 के दौरान एक सुई तक का उत्पादन नहीं होता था। क्या यह कोई छोटी उपलब्धि है कि 1947 में जिस भारत का वार्षिक बजट मात्र 259 करोड़ रुपए का था आज 45 लाख करोड़ रु. से अधिक का है। यह सब कुछ हमने इसी संसदीय प्रणाली के तहत प्राप्त किया है। अत: संसद की सार्थकता बनाये रखने के लिए हर संसद सदस्य को अपने गिरेबान में झांक कर देखना होगा।

# सरकारों के तमाम दावों के बावजूद बच्चों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है

**ललित गर्ग**

आज देश में बच्चों की स्थिति क्या है। बच्चे किसी भी देश, समाज, परिवार की अहम कड़ी होते हैं। एक धरोहर जो राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े आधार स्तंभ होते हैं। लेकिन शायद यह सब किताबी भाषाओं के शब्द हैं, जिन्हें सिर्फकिताबों में ही पढ़ना अच्छा लगता है। झारखण्ड में एक बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद कथित रूप से साढ़े चार लाख में बेच दिए जाने की शर्मनाक घटना ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। जहां इस घटना को मां की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। झारखण्ड के चतरा में जिस बच्चे को साढ़े चार लाख रुपये में बेचे जाने की खबर आई, उसमें मां के हाथ में एक लाख रुपए आए। बाकी के साढ़े तीन लाख रुपये बिचौलियों या दलालों के हाथ लगे। चूंकि इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई और समय रहते सक्रियता भी दिखी, इसलिए बच्चे को बरामद कर लिया गया और कई आरोपी पकड़े गए। इस देश में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में करोड़ों में है,



वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पोतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं।

समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड की इस ताजा घटना में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थीं। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थीं कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बच्चा खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओडिशा जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहाद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है। कुछ दिनों पहले भी ऐसी ही सनसनीखेज बात भी सामने आई कि नर्मदा किनारे बसे कुछ गांवों में बेटियों को जन्म के तुरंत बाद जीवित जलसमाधि दे दी जाती है। बेटों की इच्छा में गर्भ में पल रही बेटियों को चोरी-छिपे मारे जाने की घटनाएं भी सख्त कानूनों के बावजूद आम हैं, लेकिन जन्म ले चुकी बेटी को जीवित जलसमाधि दे देना या पुत्र की चाह में किसी का बच्चा खरीद लेना क्रूरता के नए किस्से कहता है। मगर मासूम बच्चे केवल अंधविश्वासों के शिकार नहीं होते।

सयानों के लालच, परस्पर प्रपंच और संपत्ति के लिए किए जाने वाले षड्यंत्र भी उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। बच्चों के प्रति संवेदनहीनता बरतने की बजाए उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाना चाहिए। समाज को अपना चेहरा देखना चाहिए।

क्यों हम नन्हें बच्चों को अपनी विकृत मानसिकता एवं वीभत्स सोच का शिकार बनाते हैं? ऐसी ही चतरा की त्रासद एवं विडंबनापूर्ण घटना ने एक बार फिर बच्चों के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता को दर्शाया है। आज देश में सबसे बदतर हालात में अगर कोई है तो वे मासूम बच्चे ही हैं, जो इस देश के भविष्य भी हैं। आज उन्हें अपना वर्तमान तक नहीं मालूम कि हम क्या हैं? सच्चाई तो यह है कि आज कोई भी इन बच्चों के बारे में नहीं सोचता। इसका बड़ा कारण यह है कि बच्चों से नेताओं का वोट बैंक नहीं बनता। इसलिए नेताओं को बच्चों से कोई मतलब नहीं है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आज देश में बच्चों की स्थिति क्या है। बच्चे किसी भी देश, समाज, परिवार की अहम कड़ी होते हैं। एक धरोहर जो राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े आधार स्तंभ होते हैं। लेकिन शायद यह सब किताबी भाषाओं के शब्द हैं, जिन्हें सिर्फ किताबों में ही पढ़ना अच्छा लगता है। इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों का बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है।बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। निश्चित रूप से इस मामले में मां की ममता एवं करूणा कठघरे में है, मगर कई बार अपने ही बच्चे के बदले पैसा लेने की नौबत आने में हालात भी जिम्मेदार होते हैं। वरना अपने बच्चे का सौदा करना किसी मां के लिए इतना आसान नहीं होता है। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें बच्चे की बिक्री मां के हाथों ही होने की घटना सामने आई हो। झारखण्ड और ओडिशा सहित देश के अनेक हिस्सों के गरीब इलाकों से अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें कुछ हजार रुपए के लिए ही बच्चे को किसी के हवाले कर दिया जाता है। सवाल है कि बच्चे को बेचने के पीछे क्या कारण होते हैं, उनके खरीददार कौन होते हैं और ऐसी सौदेबाजी को आमतौर पर एक संगठित गतिविधि के रूप में अंजाम देने में क्यों सफलता मिल जाती है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत सोच क्यों पनप रही है?

देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने फिर बढ़ाई चिंता, डिप्टी सीएम बोले, यूपी में हमारी तैयारी पूरी

# कोविड-19 को लेकर यूपी के 6 जिलों में अलर्ट जारी

## तैयारियों को परखने के लिए 11 से 12 अप्रैल को मॉक ड्रिल का होगा आयोजन

❑ कोविड–19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर सभी नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग के निर्देश



संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फिर से कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों ने यूपी सरकार की चिंता बढ़ा दी है। जिसके चलते कोविड को लेकर प्रदेश के छह जिलों में अलर्ट जारी किया गया। साथ ही कोविड की तैयारियों को परखने के लिए 11 से 12 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसके निर्देश मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने दिए है। बता दें कि, प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सुबह तक प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 344 पहुंच गई है, जिसमें 40 नए मरीज शामिल हैं। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग और सरकार की चिंताएं भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,016 मामले दर्ज किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पिछले छह महीनों में ये कोरोना के सबसे ज्यादा मामले हैं। बीते साल दो अक्टूबर को कोरोना के 3,375 केस सामने आए थे। कोरोना वायरस की स्थिति देखते हुए मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने निर्देश जारी किए है, कि कोविड 19 के सूचित होने वाले स्थानों पर कोविड 19 की सैंपल कराई जाए। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा है कि, इन जिलों में टेस्टिंग की संख्या बढ़ाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के लिए कहा है। वहीं, इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी लोगों को आश्वस्त किया है कि, कोरोना वायरस से लड़ने के लिए हमारी तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि कोई घबराने की बात नहीं है, स्थिति पूरी नियंत्रण में है। देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में हो रही बढौतरी ने चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार को कोविड–19 के 3 हजार से ज्यादा ताजे मामले सामने आए हैं। जिसके बाद प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोगों को आश्वस्त किया है कि हमारी तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर पूरी तैयारी है, और स्थिति नियंत्रण में है। उत्तर प्रदेश में कोरोना की स्थिति की बात करें तो स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह तक प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 344 पहुंच गई है, जिसमें 40 नए मरीज शामिल हैं। हालांकि इसके बाद भी महामारी का खतरा अब तक टला नहीं है। न केवल भारत बल्कि दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में अभी भी संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3,016 मामले दर्ज किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पिछले छह महीनों में ये कोरोना के सबसे ज्यादा मामले हैं। बीते साल दो अक्टूबर को कोरोना के 3,375 केस सामने आए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र में एक बार फिर से कोरोना पैर पसारने लगा है। दोनों राज्यों में कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 300 नए कोरोना मामले सामने आए हैं, कोरोना से 163 लोग ठीक हुए और 2 मौतें हुई हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अभी दिल्ली में 806 सक्रिय मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 483 नए मामले सामने आए और 317 लोग ठीक हुए। कोरोना के कारण 3 लोगों की मृत्यु होई। अभी राज्य में सक्रिय मामले 2506 हैं।

# टीएसए इंडिया के निदेशक पर छेड़छाड़ की एफआईआर

हैशटैग कर तीन इंटर्न छात्राओं ने लगाए आरोप



संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के जानकी पुरम थाने में टीएसए (टर्टिल सर्वाइवल एलाएंस फाउंडेशन आफ इंडिया) के निदेशक डॉ. शैलेंद्र सिंह के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने तीन इंटर्न छात्राओं द्वारा चंबल में रिसर्च और घर पर पार्टी के दौरान छेड़छाड़ की शिकायत और इंस्टाग्राम पर हैशटैग कर अपनी बात रखने पर संज्ञान लिया था। जिसके बाद आरोपों की जांच राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कराई थी। उन्होंने जांच रिपोर्ट के साथ डीजीपी से 19 मार्च पूरे मामले में जांच के आधार पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। इंस्पेक्टर जानकीपुरम ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक महिला दारोगा कुसुमलता ने शिकायत पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि जानकीपुरम सेक्टर एफ निवासी डॉ. शैलेंद्र सिंह पर दिल्ली निवासी एक वाइल्ड लाइफ फोटो ग्राफर समेत तीन लड़कियों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि डॉ. शैलेंद्र ने 2016–2017 के बीच इंटनर्शिप के दौरान चंबल और अपने घर पर छेड़छाड़ और अश्लीलता की। इसको लेकर इन लोगों ने इंस्ट्राग्राम पर हैशटैग कर आरोप लगाए थे। जिसमें एक ने लिखा कि वर्ष 2016 में शैलेंद्र सिंह के घर पर न्यू इयर की पार्टी के दौरान बेडरूम में ले जाकर अश्लीलता की। वहीं एक ने कहा कि चंबल में रिसर्च के दौरान में खुले में शौंच का दबाव बनाया। मामले की जानकारी होने पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने जांच कराई। जिसमें आरोप सही पाए जाने पर रिपोर्ट लिखने का पत्र लिखा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों को भारत विरोधी गैंग का सदस्य कहना शर्मनाक : शमीम खान

संवाददाता, लखनऊ। नागरिक एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुहम्मद शमीम खान ने केंद्रीय मंत्री के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निवर्तमान जजों को भारत विरोधी गिरोह का सदस्य कहना शर्मनाक है.मुहम्मद शमीम खान ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर किसी को भी कुछ बोलेंगे केंद्रीय मंत्री का बेहूदा बयान शोभा नहीं देता। अपने कार्यकाल में हजारों लोगों को न्याय दिलाने वाले जज आज भारत विरोधी कैसे हो गए हैं। आज देश के करीब 300 वरिष्ठ वकीलों ने इसका खुलकर विरोध किया है और अपने संयुक्त बयान में कहा है कि हम कानून मंत्री के बयान की कड़ी निंदा करते हैं. मंत्री से इस तरह के बेहूदा बयान की उम्मीद नहीं थी.मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, सभी को अपने अपने अधिकार हैं और सभी को बोलने की आजादी है.पिछले कुछ दिनों से अदालतों की गरिमा का हनन हो रहा है. ।और अदालतों को मनमाने फैसले के लिए मजबूर करना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है.किसी भी देश की व्यवस्था को चलाने के लिए अदालतों की अहम भूमिका होती है. इस मामले में, यदि अदालतों को अनुचित निर्णय देने के लिए मजबूर किया जाता है, तो अदालतों की प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निवर्तमान न्यायाधीशों को भारत विरोधी गिरोह का सदस्य कहना न केवल शर्मनाक है बल्कि निंदनीय भी है।

### खुदा पाक के बन्दों की खिदमत करना एक अजीम इबादत : मौलाना खालिद रशीद

संवाददाता, लखनऊ। रोजा एक ऐसी इबादत है जिसके जरिए इंसान के अच्छे अखध्लाक की शिक्षा भी होती है। रोजे से खौफखुदा, तकवा, सब्र, हमदर्दी, गमख्वारी, कुव्वतबर्दाशत और सहायता जैसे अच्छी विशेषतायें पैदा होती हैं। रोजेदार को दूसरे की भूक प्यास का एहसास होता है। वह चाहता है कि जो लोग भूके प्यासे और जरूरतमन्द हैं उनकी मदद करें। वह तमाम लोग खुशनसीब हैं जो रमजान माह में जरूरतमन्दों की सहायता करते हैं। खुदा पाक इस पवित्र माह में हर नेकी का सवाब कई कई गुना बढ़ा कर देता है। इन एहसास व जज्बात के साथ इमाम ईदगाह व काजी–ए–शहर लखनऊ मौलाना खाालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल ने सेन्टर में जमा हुई औरतों को 'तोहफा–ए–रमजान'' बॉटा। इस तोहफा–ए–रमजान में आटा, चावल, दाल, बेसन, चीनी, चाय पत्ती, तेल, जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं। मौलाना फरंगी महली ने इस अवसर पर मिल्लत–ए–इस्लामिया के मालदार लोगों से अपील की कि वह खैर के कामों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। विशेष कर इस पवित्र माह में मिल्लत के आर्थिक हालात सुधारने की ठोस उपाय करें। शैक्षिक व मिल्ली इदारों की भरपूर सहायता करें। बेरोजगारों को रोजगार अवसर करायें। होनहात विद्यार्थियों की हिम्मत बढ़ायें। गर्ज की मिल्लत की कामयाबी और खुशहाली के लिए अमल करें।

### रामनवमी पर 51 मीटर लंबा भगवा झंडा फहराया गया

संवाददाता, लखनऊ। राम नवमी के अवसर पर भक्तों की ओर से 51 मीटर लंबा विशाल भगवा झंडा शिव मेडिकल तिराहे अलीगंज में गुरुवार को विधायक डा. नीरज बोरा और राज कुमार. सिंघल द्वारा फहराया गया। उसके बाद शाम को 4.00 बजे भगवा यात्रा का जोरदार स्वागत मुख्य संयोजक डॉ संदीप अग्रवाल एवं राजकुमार सिंघल की अगुवाई में सी 26 सेक्टर सी अल्कापुरी अलीगंज निकट नेहरू बाल वाटिका स्थित शिव मेडिकल तिराहे पर शाम को किया गया। यात्रा के आने पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। शिव मेडिकल पर एक विशाल एल ईडी लाइट लगाई गई। जिसपर भगवा यात्रा और रामनवमी से सम्बंधित चित्र प्रसारित किये जा रहे थे। इस मौके पर डा. संदीप अग्रवाल, राज कुमार सिंघल, मनोज मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, मनीष गुप्ता, अंकुश सिंघल मौजूद रहे।

### माँ गोमती की सेवा करने से भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद मिलेगा : वॉटर वुमेन

संवाददाता, लखनऊ। पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक की माँ गोमती की पदयात्रा गुरुवार को अयोध्या जिले की सीमा पार कर अमेठी जिले में प्रवेश कर गई। विभिन्न स्थानों पर वॉटर वुमेन का फूलमाला पहना कर स्वागत किया गया, इस दौरान उन्होंने कहा कि माँ गोमती के प्रति भगवान श्रीराम को भी श्रद्धा थी। उन्होंने कहा कि माँ गोमती के जल को स्वच्छ रखने एवं किनारों पर पौधारोपण करने से भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद मिलेगा। वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक की पदयात्रा अयोध्या जिले के कामाख्या भवन मंदिर से होते हुये अमेठी जिले के रानीगंज पहुंची, इस दौरान वॉटर वुमेन का फूलमाला पहना कर विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। जन–समूह को संबोधित करते हुये वॉटर वुमेन ने कहा कि माँ गोमती के प्रति भगवान श्रीराम को भी श्रद्धा थी। उन्होंने कहा कि माँ गोमती के जल को स्वच्छ रखने एवं किनारों पर पौधारोपण करने से भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद मिलेगा, इसलिये श्रीराम नवमी के अवसर पर यह संकल्प लें कि माँ गोमती के जल को स्वच्छ रखेंगे एवं जल को स्वच्छ रखने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे, साथ ही माँ गोमती के किनारों पर पौधे लगायेंगे। उन्होंने कहा कि माँ गोमती के प्रति आस्था–श्रद्धा तभी जागृत होगी जब प्रत्येक घाट पर प्रतिदिन आरती की जायेगी। आस्था–श्रद्धा होगी तो, माँ गोमती को स्वच्छ रखने का भाव अंदर से स्वत: आयेगा वरना, एक नदी का भाव रहेगा, जो स्वच्छ रखने को प्रेरित नहीं करेगा।

# संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की विस्तारित कार्यसमिति की घोषणा

❍ ओपीएस, भत्तों की बहाली, संविदा कर्मियों के विनियमितीकरण तथा निजीकरण पर रोक की मांग

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 25 वर्षो से चले आ रहे कर्मचारियों–शिक्षकों के संयुक्त संगठन, संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश जिसे सब एस–4 के नाम से जानते है, को पुन: सक्रिय करते हुए विस्तारित कार्यसमिति की घोषणा 12 मार्च 2023 में सम्पन्न बैठक के बाद की गई। 22 मार्च को जारी परिपत्र के अनुसार लगभग 02 दर्जन शिक्षक–कर्मचारी संगठन एकजुट हुए है। यह जानकारी देते हुए एस–4 के अध्यक्ष अजय सिंह (अध्यक्ष, राज्यकर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश), जगदीश पांडेय, संयोजक (अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश–ठकुराई गुट) विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (चैचै।) तथा आर.के.निगम (महामंत्री, राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश) एस–4 के अध्यक्ष अजय सिंह (अध्यक्ष, राज्यकर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश) ने बताया कि ओपीएस की बहाली के अभियान को तेज करते हुए उत्तर प्रदेश में समाप्त किये गए विभिन्न भत्तों की बहाली, संविदा कर्मियों के विनायमितिकरण तथा निजीकरण/ आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने की माँग सरकार से भी उठाई गई।एस 4 के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में राज्य कर्मचारी, प्राथमिक–माध्यमिक शिक्षकों, निकाय कर्मचारियों, रोडवेज, राजकीय महाविद्यालय के शिक्षकों, राजकीय शिक्षक, शिक्षामित्र, आश्रम पद्धति विद्यालय तथा उर्दू के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी, होमगार्ड्स, पीआडी, ग्राम रोजगार सेवक, रसोइयों, आंगनवाड़ी, मनरेगा, अनुदेशक, एआरपी सहित विभिन्न विभागों के आउटसोर्सिंगध् संविदा कर्मियो के संगठन शामिल है। कर्मचारी नेताओ ने कहा कि जल्द ही कार्यसमिति की बैठक राजधानी लखनऊ में बुलाकर भावी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी–शिक्षक संगठनों से एस–4 के बैनर तले एकजुट होने की अपील भीं–4 के पदाधिकारियों ने की है।

# कांग्रेस नेता ने पुलिस पर राहुल गांधी को हत्या की धमकी के संबंध में मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया


संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के एक सदस्य ने लखनऊ पुलिस पर पार्टी नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त से की है। एआईसीसी सदस्य ललन कुमार ने 25 मार्च को चिनहट थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 मार्च को ही उनके मोबाइल नंबर पर किसी अनजान व्यक्ति ने फोन कर उन्हें जातिसूचक अपशब्द कहे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी।प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एवं संचार विभाग के संयोजक कुमार का यह भी आरोप है कि फोन करने वाले व्यक्ति ने उन्हें भी गोली मारने की धमकी दी है। कुमार के मुताबिक, फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मनोज कुमार राय बताया और कहा कि वह गोरखपुर का निवासी है। कुमार का कहना है कि यह व्यक्ति पहले भी कई बार उन्हें फोन पर इसी तरह की धमकियां दे चुका है, जिससे वह काफी भयभीत हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मैंने 25 मार्च को ही इसकी सूचना चिनहट थाने में दे दी थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# यूपी में महंगी हो जाएगी शराब व बीयर

## सरकार ने जारी किए नए रेट

संवाददाता



लखनऊ। शराब और बीयर पीने के शौकीन हैं तो आपके लिए बुरी खबर है। उत्तर प्रदेश में नई आबकारी नीति के तहत 1 अप्रैल से शराब व बीयर के दाम बढ़ने वाले हैं। नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत होने के साथ ही प्रदेश में देशी व अंग्रेजी शराब के साथ–साथ बीयर के दाम भी बढ़ने वाले हैं। बीयर के केन में औसतन 10 रुपये प्रति केन और बोतल पर 20 रुपये प्रति बोतल की मूल्यवृद्धि होगी। इससे अन्य शहरों की तुलना में गौतमबुद्धनगर, लखनऊ व गाजियाबाद में होटल, रेस्टोरेंट व क्लब में शराब व बीयर महंगी होगी। दरअसल, प्रदेश कैबिनेट ने 29 जनवरी को आबकारी नीति वर्ष 2023–2024 को मंजूरी दी थी। जिसमें लाइसेंस फीस में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। एक अप्रैल से देशी शराब के क्वाटर पर लगभग 5 रुपए व अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्रांड के क्वाटर पर करीब दस रुपए की दर से शराब मूल्यों में वृद्धि होगी। बीयर के दाम एक केन पर पांच से सात रुपए तक बढ़ेंगे। इसके अलावा वर्ष 2022–23 की तुलना में वर्ष 2023–24 में देशी शराब में एमजीक्यू (न्यूनतम गारंटी कोटा) पर दस प्रतिशत की वृद्धि की गई है। शराब विक्रेताओं को पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार देशी व अंग्रेजी शराब तथा बीयर की दस प्रतिशत अधिक बिक्री करनी होगी। कुछ और अच्छे ब्राण्ड की बीयर के दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इसी तरह देसी शराब का 42.8 डिग्री तीव्रता का पउवा पहली अप्रैल से 75 रुपये के बजाए 90 रुपये का होगा। 36 डिग्री तीव्रता का देसी शराब का पउवा 65 रुपये के बजाए 70 रुपये का बिकेगा। अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्राण्ड के क्वार्टर, अद्धे व बोतल के दामों में भी बढ़ोतरी होगी। अंग्रेजी शराब के क्वार्टर में 15 से 25 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की जाएगी। नए वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग ने 45 हजार करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। नई आबकारी नीति के अनुसार वर्ष 2022–23 के व्यवस्थित वार्षिक एमजीक्यू पर दस प्रतिशत की वृद्धि कर देशी मदिरा दुकानों का एमजीक्यू निर्धारित किया जाएगा। ग्रेन आधारित देशी शराब के दाम में भी बढ़ोतरी होगी। विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों व माडल शाप की लाइसेंसी फीस में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही माडल शाप पर मदिरा पान का शुल्क दो लाख रुपये से बढ़ाकर अब तीन लाख रुपये निर्धारित किया गया है।

# केजीएमयू के दो डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा, ओपीडी में आने वाले मरीजों की बढ़ेगी परेशानी



संवाददाता

लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के दो डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। इसमें जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. अरशद अहमद और गेस्ट्रो मेडिसिन विभाग में तैनात डॉ. अंकुर शामिल हैं। डॉक्टरों के इस्तीफे से मरीजों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. अरशद अहमद को पाइल्स, फिशर समेत दूसरी गंभीर बीमारियों के इलाज में महारथ हासिल है। आम तौर पर रोजाना ओपीडी में 250 से 300 मरीज देखते हैं। वहीं एक साल से ज्यादा तक यानी 2024 तक ऑपरेशन की वेटिंग है। डॉ.अरशद के पास देश भर से मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। यही नहीं विदेश से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। रात आठ से नौ बजे तक ओपीडी और ऑपरेशन की प्रक्रिया चलती है। डॉ. अरशद ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि डॉ. अरशद ने केजीएमयू छोड़ने की कोई ठोस वजह नहीं बताई है। व्यक्तिगत कारणों से छोड़ने की बात कही है। वही गेस्ट्रो मेडिसिन विभाग में तैनात डॉ. अंकुर की एसजीपीजीआई में नियमित तैनाती हो गई है। लिहाजा उन्होंने भी केजीएमयू को छोड़ दिया है।

# ओपी राजभर के बदले सुर

## मायावती को प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत : राजभर

संवाददाता



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक निजी चौनल को दिए गए इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कि बंगला की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव सभी नेता प्रधानमंत्री बनने की चाहत में है। राजभर ने कहा कि पीएम की कुर्सी पर पिछड़े समाज के लोग बैठ चुके है जबकि दलित समाज का अभी तक कोई नहीं बैठा है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर मायावती को प्रधानमंत्री बना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के बावजूद भी सरकार ने 50 प्रतिशत आरक्षण के बैरियर को सरकार ने तोड़ दिया। अपनी आबादी के हिसाब से अखिलेश यादव आखिर क्यों नहीं वकालत करते है। ये बात हमारी पार्टी उठाती है तो सभी को बुरा लगता है। उन्होंने कहा कि अखिलेश, नीतीश, लालू सोनिया, ममता को एक होकर मायावती को प्रधानमंत्री बना देना चाहिए। जिससे एक बार दलित भी पीएम की कुर्सी पर बैठ सके। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सभी नेताओं को मायावती के पास जाना चाहिए नहीं एक बार फिर बीजेपी सत्ता में वापस आजाएगी। ओम प्रकाश राजभर ने निकाय चुनाव को लेकर कहा कि हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। यूपी में हो रहे अखंड रामायण पाठ को लेकर कहा कि हम तब खुश होंगे जब यहां तेलंगाना की तरह फ्री शिक्षा होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी हनुमान जी दलित थे हम लोग उन्हीं के वंशज है। बता दें कि सुभासपा और समाजवादी पार्टी के गठबंधन टूटने के बाद से राजभर कभी भाजपा के पक्ष में तो कभी बसपा के पक्ष में बयान देते रहे है, अब क्या मायावती की तारीफ करके बसपा के साथ मिल कर लोगा सभा चुनाव लड़ने की उम्मीद है, फिलहाल अता समय ही बताएं कि राजभर किस के पाले में जाते है।

# यूपी को दोबारा मिलेगा स्पेशल डीजी, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार को मिल सकती है जिम्मेदारी

संवाददाता

लखनऊ। यूपी के कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान कल यानी 31 मार्च को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर यह चर्चा तेज हो गई कि यूपी का अगला डीजीपी कौन होगा? क्या यूपी को परमानेंट डीजीपी मिलेगा? फिलहाल, पुलिस में परमानेंट डीजीपी की दौड़ के बीच एक बार फिर स्पेशल डीजी का पद चर्चा में है। सूत्रों के मुताबिक, यूपी कैडर के 1990 और 1991 बैच के 14 आईपीएस के नाम स्पेशल डीजी के लिए भेजे गए हैं।

इनमें एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है।सूत्रों की माने, तो स्पेशल डीजी के लिए प्रशांत कुमार का नाम शासन स्तर पर फाइनल है। फाइल यूपी सरकार की टेबल पर है। ऐसे में एक–दो दिन में प्रशांत कुमार की स्पेशल डीजी के पद पर तैनाती हो सकती है। इसकी वजह है कि वह पुलिस मुख्यालय में सबसे सीनियर अफसरों में से एक हैं। सिर्फ यही नहीं, लखीमपुर कांड हो या बिकरू कांड, सभी मामलों को प्रशांत कुमार ने बखूबी हैंडल किया है। स्पेशल डीजी को लेकर मई 2022 में सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया था। इस बीच नए डीजीपी की नियुक्ति होने के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला गया। लेकिन, नए डीजीपी के पैनल को लेकर कई कानूनी दांव पेंच हैं। 31 मार्च को डीजीपी डीएस चौहान का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उनके अस्थाई डीजीपी होने के चलते सेवा विस्तार मिलने की संभावनाएं न के बराबर हैं। उनको सुरक्षा सलाहकार बनाए जाने की चर्चा है। उधर, दूसरी तरफ अगले कुछ महीनों में सीनियर आईपीएस के रिटायर होने के बाद नियमानुसार पैनल तैयार कर स्थाई डीजी देने की बात कही जा रही है, जो लोकसभा के चुनाव में प्रदेश की लॉ एंड आर्डर की बागडोर बखूबी निभा सके। इसके लिए प्रशांत कुमार परफेक्ट बताए जा रहे हैं। स्पेशल डीजी का पद सबसे पहले यूपी में बसपा सरकार में बनाया गया था। उन्होंने एडीजी लॉ एंड आर्डर बृजलाल को पहले स्पेशल डीजी बनाया। उसके बाद एक्टिव डीजी बना दिया। इस बार भी स्पेशल डीजी को लेकर यही कसाय लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही इस पर फैसला ले लिया जाएगा। 1990 बैच के यूपी में कार्यरत छह आईपीएस संदीप सालुंके, रेणुका मिश्रा, बीके मौर्या, एसएन साबत, अविनाश चंद्रा और डॉ. संजय एम. तरडे को डीजी पद पर प्रमोट किया गया था। जबकि इसी बैच प्रशांत कुमार, केएमके बशाल, तनुजा श्रीवास्तव, एसके माथुर, अंजू गुप्ता और सुभाष चंद्रा का डीजी पद खाली न होने के चलते प्रमोशन रुका हुआ है। इसके चलते ही स्पेशल डीजी का पद सृजित होने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रशांत कुमार अब तक 300 से ज्यादा एनकाउंटर कर चुके हैं। यूपी में खूंखार संजीव जीवा, कग्गा, मुकीम काला, सुशील मूंछ, अनिल दुजाना, सुंदर भाटी, विक्की त्यागी, साबिर गैंग का आतंक था। आईपीएस प्रशांत ने अपनी टीम के साथ मिलकर इन गैंग के कई अपराधियों का सफाया किया।

CMYK

# बदमाशों ने 5 लाख के आभूषण 70 हजार नगदी की पार

## बहू–बेटा छत पर सोते रहे गहरी नींद

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के अन्तर्गत मोती मन्दिर रेलवे लाइन किनारे मोहल्ला सोहम नगर में बीती रात्रि अज्ञात बदमाशों ने एक घर के अन्दर प्रवेश कर घर के बक्सों में रखे करीब पांच लाख रुपये कीमती सौने चांदी के आभूषण व सत्तर हजार की नगदी साफकरदी और सनसनीखेज चोरी की घटना को अंजाम देकर बदमाश भोर होने से पहले घर मे अन्दर से लगा चाबी से ताला खोलकर चम्पत हो गये। बदमाशों ने घर के पिछवाड़े से छत पर पहुँच घर के अन्दर प्रवेश किया जबकि ग्रहस्वामी बेटा–बहू बच्चों के साथ छत पर ही गहरी नींद में सोते रहे। घटना की जानकारी शुक्रवार की भोर होते ही सुबह चार बजे बहू को उस समय हो सकी जब वह गाय को चारा पानी करने छत से नीचे पहुँची जिसपर घर के बन्द कमरों के दरवाजे खुले और बक्से अलमारियों के ताले टूटे देख साथ ही घर मे समान विखरा देख होश उड़ गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच पड़ताल शुरू करदी है। पीड़ित ग्रहस्वामी उमादेवी यादव पत्नी स्व0हाकिम सिंह यादव ने बताया कि उसकी देख रेख के लिए उसके पास उनका सगा भतीजा प्रेम किशोर यादव जो एक प्राइवेट बस चालक है सहित उसकी बहू शबनम उर्फराधा दो बच्चों के साथ रहती है। बीती रात्रि वह खुद दबाई लेने वाहर गई हुई थी। बीती रात्रि घर मे उसका भतीजा प्रेम किशोर व बहु राधा दोनो बच्चों के साथ रह गये थे। इस बीच रात्रि साढ़े 11 बजे में तेज आंधी–पानी के आने के दौरान बिजली चली जाने पर मच्छरों से बचने को बच्चों के साथ पति पत्नी छत पर चले गए। इस बीच अज्ञात बदमाशों ने घर के पिछवाड़े से उसकी छत पर चढ़कर घर के अन्दर प्रवेश कर लिया और घर के कमरों में लगे दरबाजे अलमारी बक्सों के ताले कुंडे तोड़ कर उसमें रखे करीब पांच लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण व सत्तर हजार रुपये की नगदी चुराकर बदमाश भोर होने से पहले चम्पत हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला सहित पुलिस बल ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू करदी है।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार घायल, नीलगाय की मौत

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। बाइक सवार दो युवकों की नीलगाय से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मौके पर ही नीलगाय की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दोनों युवकों की हालत गंभीर है। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना बछरावां रोड स्थित असनी चौराहे के पास की है। बाला प्यारेपुर गांव निवासी राम चंद्र(35) पुत्र महादेव व अभिषेक(12) पुत्र राकेश कुमार बाइक से राघवपुर जा रहे थे। तभी अचानक सड़क किनारे झाड़ियों से निकली नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी की नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। वही दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# विद्यालय कार्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में क्रियात्मक अनुसंधान की अहम भूमिका–डॉ सीमा सिंह

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर के बीएड विभाग में सामाजिक विज्ञान शिक्षण के अंतर्गत एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषयश् क्रियात्मक अनुसंधान की शैक्षिक उपादेयता श् था। विषय विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने कहा कि क्रियात्मक अनुसन्धान शिक्षक को अपने उत्तरदायित्व के महत्व का बोध कराता है। वह समझ सकता है कि शिक्षा से निकटतम सम्बन्ध उसी का है तथा शिक्षा की कार्यप्रणाली में सुधार के प्रयत्न भी उसे ही करने चाहिए। यह प्रजातान्त्रिक समान अवसरों के उपयोग की अपेक्षा शिक्षक के आत्मबल तथा व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से अधिक प्रभावकारी है। विद्यालय की कार्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में क्रियात्मक अनुसंधान की अहम भूमिका होती है। साथ ही साथ स्वयं के कार्यों का मूल्यांकन भी होता है। छात्रों की उपलब्धि स्तर में वृद्धि के लिए क्रियात्मक अनुसंधान का ज्ञान आवश्यक है। इस सेमिनार में बीएड प्रथम वर्ष से रागिनी, अर्चिता यादव, शिखा, अंजलि पाण्डेय, दिव्या, वैशाली, प्रज्ञा अग्रहरि, गरिमा सिंह, साक्षी, शिवानी, महेश, विवेक ने विचार व्यक्त किये । मंच का संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया।

# नवरात्र में कन्या भोज का हुआ आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा कन्याभोज का आयोजन किया गया । जिसमे क्षेत्र की छोटी छोटी बच्चियां शामिल हुई । कटका क्लब के उपाध्यक्ष त्रिभुवान नारयण सिंह के द्वारा हवन पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि नवरात्र में माता रानी को खुश करने के लिए लोग कन्याओं को भोजन कराते हैं। भोजन कराने के साथ कन्याओं को भेंट में कुछ उपहार देने की परंपरा बरसों से चली आ रही है। मान्यता है नवरात्र में मां भवानी इन छोटी कन्याओं के रूप में आशीर्वाद देने आपके घर आती हैं। इन कन्याओं को आदर के साथ घर बुलाना चाहिए और इन्हें सम्मान के साथ भोजन कराकर भेंट देनी चाहिए। इस मौके पर उपस्थित संस्था के उपाध्यक्ष त्रिभुवान नारयण सिंह ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान कन्या पूजन का बड़ा महत्व है। शुभ कार्यों का फल प्राप्त करने के लिए कन्या पूजन किया जाता है। कुमारी पूजन से सम्मान, लक्ष्मी, विद्या और तेज प्राप्त होता है। इससे विघ्न, भय और शत्रुओं का नाश भी होता है। होम, जप और दान से देवी इतनी प्रसन्न नहीं होतीं जितनी कन्या पूजन से। नौ कन्याओं को नौ देवियों के प्रतिबिंब के रूप में पूजने के बाद ही भक्त का नवरात्रि व्रत पूरा होता है। इस मौके पर उपस्थित परिधि, दिव्यांशी, काजल , पलक, मीठी , पीहू, संध्या, अलंकृता, व अन्य बच्चियां मौजूद रही ।

# भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है या तानाशाही में : नकुल दुबे

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




रायबरेली। देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति अडानी का शेयर तेजी से गिरा उन्होने कहा कि अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये कैसे आये इन सवालों के जवाब न तो भारतीय जनता पार्टी के नेता दे रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री कुछ बोल रहें है बल्कि कहा यह जा रहा है कि अडानी पर हमला भारत पर हमला है और इस मुद्दे को लगातार दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जा रही है। यह बात कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी नकुल दुबे ने कहीं। उन्होंने ने कहा कि आपने देखा होगा कि दुनिया में तानाशाहों की लम्बी सूची है चाहे हिटलर हो, मसूलीनी हो, सद्दाम हुसैन हो, गद्दाफी से लेकर किंग जोंग तक इन लोगों के काम करने के ढंग से हम सभी परिचित है। तानाशाह दो प्रकार के होते हैं एक तो इस बात से डरता है कि लोग उससे डरना कहीं बंद न कर दे दूसरा वह अपने विरोधियों के मुंह बंद कराकर कुचल देना चाहते हैं और यही नहीं वह विरोधियों को रास्ते से हटाने के लिए किसी स्तर तक जा सकते हैं इस घटना से हम सब वाकिफ है। श्री दुबे ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा इसी प्रकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है, अपने विरोधियों को दमन करने के लिए किस स्तर पर जा रहे हैं, यह हम सब देख रहे है, उन्होंने कहा कि बीएस मुंजे जो आरएसएस के थे, मसुलीनी से सीखने गये थे कि तानाशाही को किस प्रकार से लागू किया जा सकता है, ऐसे में लोकतंत्र का गला घोटने की कार्यवाही और विपक्ष के द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब न देते हुए उसे आयोग्य घोषित करना, उसे दबाना, डराना धमकाना यह सब हो रहा है यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है और इसकी आजादी के लिए और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने बड़ी कुर्बानियां दी है, लम्बी लड़ाई लड़ी है अगर लोकतंत्र पर आंच आयेगी तो हम खामोश बैठने वाले नहीं है, पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है विपक्षी दलों के लोग भी इस घटना का विरोध कर रहें है। मेरा तो सीधा कहना है कि इधर–उधर की न बात कर यह बता कि काफिला लुटा कहां। उन्होंने कहा कि जब अडानी पर सवाल पूंछा जाता है तो भाजपा को तकलीफक्यों होती है, इससे पूर्व राहुल गांधी ने प्रेस के माध्यम से सवाल पूंछे थे और आज वही सवाल लेकर मैं रायबरेली आया हूं और उन्हीं सवालों का जवाब हमें लेना है कि वह 20 हजार करोड़ किसका है। यह शेल कंपनियां किसकी थी ? और जब कंपनियों के शेयर लगातार गिर रहे थे और जब 60 प्रतिषत तक गिर गया तब भी हमारे एस.बी.आई और एल.आई.सी. के पैसे किसके आदेष पर अडानी की कंपनियों पर लगाया जा रहा था।

# ग्राम चौपाल में सुनी गई जनता की समस्याए


स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। विकास खण्ड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर जनता की समस्याओं का मौजूद अधिकारियों द्वारा निस्तारण करते हुए उनसे सम्बन्धित जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आयोजित कर जनता की समस्याओं के निपटारे के आदेश दिए गए है। जिसके क्रम में विकास खण्ड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों मोन व कैड़ावा में चौपाल लगाकर आई समस्याएं सुनकर उनका निपटारा किया गया। खण्ड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह की अध्यक्षता में मोन व कैड़ावा ग्रामपंचायत में एडीओ एसटी राम बाबू की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगाई गई। आयोजित चौपाल में पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड योजना के अलावा विद्युत, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान आई शिकायतों का मौजूद अधिकारियों ने निस्तारण भी कराया। इस मौके पर सम्बन्धित ग्राम प्रधान के अलावा ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक, समेत विभिन्न विभागों के नामित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री राम का चरित्र हम सभी के लिए अनुकरणीय है : रजनी तिवारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शासन के निर्देशों के क्रम में तहसील शाहाबाद के अंतर्गत बनखंडीनाथ मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाग लेते हुए राम चरित मानस का पाठ किया।इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि कि प्रभु श्री राम का चरित्र हम सबके लिए प्रेरणादाई है। इससे मन मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने भी स्वयं रामचरित मानस का पाठ किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे आयोजनों में लोग बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने बताया कि निर्बाध भजन–कीर्तन एवं अखण्ड पाठ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें की गयी हैं।मन्दिर में आने वाले श्रद्वालु भी श्रद्वा पूर्वक मानस पाठ मे हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव, विधायिका पुत्र आदि तिवारी, अध्यक्ष देवराज सिंह,ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, इंद्रेश दीक्षित, सुनील गुप्ता, डॉ श्रीप्रकाश, अतुल गुप्ता, अनुराग श्रीवास्तव, अवधेश प्रताप सिंह, सुभाष सिंह, सर्वेश मिश्र, अमित मिश्र, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, कमलेश सिंह, अतुल अग्निहोत्री, कमलेश देवी, संजय कुमार अग्निहोत्री, अनिल पाण्डेय पिंटू, दीप कमल राठौर, सुभाष रस्तोगी, आजाद सिंह, हाकिम सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रोली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में वकील समेत दो की हुई मृत्यु

संवाददाता, हरदोई।कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र में फिर तेज रफ्तार ने दो लोगों की जिंदगी छीन ली।दो मोटर साइकिलों की आमने सामने टक्कर में दोनो पर सवार मृत्यु केआगोश में चले गए।पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है।घटना से मृतकों के घरों में कोहराम मचा है। शाहाबाद के शिरोमन नगर रोड पर गढ़ी चांद खां के पास दो मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गई जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई शाहाबाद थाना क्षेत्र के नगला लोथू निवासी वकालत कर रहे सुरेंद्र पाल तहसील से वापस अपने घर जा रहे थे इसी बीच में गढ़ी चांद खा के पास सामने से दूसरी मोटरसाइकिल आ रही थी जिस पर वहीद नाम का व्यक्ति मोटरसाइकिल चला रहा था दोनों मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार के कारण आपस में टकरा और मौके पर दोनों लोगों की मौत हो गई परिवार जनों ने दोनों लोगों को शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया यह सुनते ही दोनों लोगों के परिवारों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है।

### स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्त पर साथी कर्मियों ने दी भावभीनीं विदाई

संवाददाता, तिलोई, अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई में सेवानिवृत्त हुये कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित विदाई समारोह में चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों ने माला पहनाकर, अंग वस्त्र देकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्त हुए सहायक शोध अधिकारी ओमप्रका शयादव, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मिथिलेश यादव, राजेश्वरी, कमलेश वर्मा को स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला ने कहा कि आप लोगों के द्वारा विभाग को दी गई सेवायें अनुकरणीय हैं सभी को आप लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीसीपीएम कमलेश धर द्विवेदी ने कहा कि यह विदाई सिर्फ विभागीय कार्यों से होती है सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारी के नए सफर की शुरुआत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीएम सुनील कुमार मिश्रा, एसटीएलएस अजय जी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर डॉक्टर पंकज, डॉ अरविंद श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट अमर सिंह, एएनएम पूनम सिंह, प्रेमा, शांति, गिरिजेश, अंजू, अनुपम, मोनी, विभा सिंह, सुमन, तरन्नुम, स्टाफनर्स प्रियंका सिंह, सविता, सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर तालाब के दलदल में फंसा

संवाददाता, भरथना के ग्राम मोढ़ी के जांबाज युवक ने मोर को रेस्क्यू कर बचाई जान, भरथना,इटावा। भरथना तहसील क्षेत्र के ग्राम मोढ़ी अन्तर्गत एक दलदल युक्त बीच तालाब में शुक्रवार की दोपहर राष्ट्रीय पक्षी एक मोर फस गया। राष्ट्रीय पक्षी मोर को तालाब के बीचों बीच दलदल में फंसा देख एक ग्रामीण किसान की मानवता जाग गई जिसपर किसान ने आस–पास शोर मचाकर गांव के कुछ अन्य ग्रामीणों को एकत्रित कर राष्ट्रीय पक्षी की जान बचाने की जुगत लगाना शुरू करदी।

और राष्ट्रीय पक्षी मोर के तालाब के दलदल में फंसे होने की घटना से वन विभाग को अवगत कराते हुए स्वम प्रयास शुरू कर दिये। इस बीच वन विभाग की टीम मौके पर पहुँचती इससे पूर्व ग्राम मोढ़ी निबासी अवनीश कश्यप पुत्र कमलेश कश्यप भी घटना स्थल दलदल युक्त तालाब पर पहुँच गया। जिसपर अवनीश कश्यप ने दलदल युक्त तालाब में सिंघाड़े तोड़ने बाली डोंगिया की नाव बनाकर करीब एक घण्टे की कड़ी मशक्कत कर राष्ट्रीय पक्षी मोर को रेस्क्यू कर जान बचाई। इस बीच दो पुलिस कर्मी भी सहयोग के लिए मौके पर पहुँच गये। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित कर बुलाया जा रहा है,ताकि दलदल युक्त तालाब में घण्टों पूर्व फस कर घायल हुए राष्ट्रीय पक्षी को इलाज के बाद सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। नहर किनारे स्थित खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्र के महापतगंज गांव के निकट स्थित सलेथू रजबहा के किनारे जंगबहादुर सिंह के गेंहू के खेत में अज्ञात युवक का चार से पांच दिन पुराना शव मिला है। शुक्रवार सुबह खेत गए ग्रामीणों ने गेंहू के खेत में युवक का शव देख सकते में आ गए। जिसके बाद गांव में शव मिलने की चर्चा तेज हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मामले में कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि चार पांच दिन पूर्व का शव होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त करवाई जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह

## अंकिता यादव को मिला सर्वश्रेष्ठ बालिका का पुरस्कार

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




सुलतानपुर ।रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज सुलतानपुर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस मौके पर परीक्षा फल के साथ–साथ वर्षभर विभिन्न क्रियाकलापों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया । विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ बालिका का पुरस्कार अंकिता यादव को दिया गया । वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रवक्ता मंजू ठाकुर, अध्यक्ष पल्लवी वर्मा, प्रबंधक सुमन सिंह आदि ने छात्राओं को सम्मानित किया । विद्यालय की प्रबन्धिका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे परिणाम के लिए अच्छी मेहनत करनी पड़ती है । सफलता के लिए केवल एक ही विकल्प है कड़ी मेहनत । मेहनत से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है । पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा 6 की कीर्ति वर्मा प्रथम, प्रतिमा उपाध्याय द्वितीय ,श्रेया उपाध्याय तृतीय, कक्षा सात की श्रेया मिश्रा प्रथम,सुरभि गौड़ द्वितीय, तनु यादव तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 8 में अनुष्का चौधरी प्रथम ,मानसी मिश्रा द्वितीय ,प्रतिभा वर्मा द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 9 की शगुन यादव प्रथम ,सौम्या कसौधन द्वितीय एवं तृप्ति मौर्या तृतीय स्थान पर रहे । कक्षा 9 की साक्षी सिंह प्रथम,रक्षा वर्मा द्वितीय ,स्तुति धुरिया तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11 में श्रेया पांडे प्रथम, शुभांगी साहू द्वितीय ,अमृता पाल तृतीय स्थान पर रही । इसी प्रकार 11 ख अंकिता यादव प्रथम, रिया पांडे द्वितीय ,सायमा बानो तृतीय स्थान पर रही । 11 ग की अर्चिता श्रीवास्तव प्रथम, कोमल द्वितीय , साक्षी पांडे तृतीय स्थान पर रही । संस्कृति ज्ञान परीक्षा बाल वर्ग में आर्या शास्वत प्रथम, किशोर वर्ग में अंशिका सोनी तरुण वर्ग में शीतल प्रथम स्थान पर रही । मेहंदी प्रतियोगिता बाल वर्ग मे जानवी ,अनुपम यादव, किशोर वर्ग में रिमझिम चौधरी, पूर्णिमा, शिफा अंसारी एवं तरुण वर्ग में श्रद्धा ,प्रिया गुप्ता, राखी वर्मा शिवानी मौर्या, प्रथम स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता बाल वर्ग में जानवी ,अनुष्का किशोर वर्ग में पुर्वा सिंह, अपूर्वा सिंह, तरुण वर्ग में श्रद्धा ,महिमा तिवारी प्रथम स्थान पर रही इसी प्रकार सुलेख प्रतियोगिता में अनुष्का चौधरी ,अंशिका सोनी, प्रिया गुप्ता । राखी प्रतियोगिता में तृप्ति वर्मा , मंतशा खान, स्नेहा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । संगीत में दीक्षा यादव सौम्यता मिश्रा, कला में श्रेया शुक्ला, अनुशासन में प्रज्ञा मिश्रा एवं खेलकूद प्रतियोगिता में कलश मिश्रा ,कीर्ति वर्मा को भी सम्मानित किया गया ।

# सपा से राम सेवक वर्मा, तो कांग्रेस के शत्रोहन सोनकर का टिकट माना जा रहा है तय

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



रायबरेली। रवीन्द्र भारद्वाज रवी/संवाददाता स्टार एक्सप्रेस निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से बहुत सारे लोगों के सपनों पर ग्रहण लग गया है क्योंकि रायबरेली नगर पालिका सीट अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित हो गयी है। ऐसे में सालों से बैनर, होर्डिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से नगर का विकास करने का दावा करने वालों के सपने टूट गए है। अब सबकी नजर इस पर है की वीवीआईपी लोकसभा क्षेत्र के रायबरेली शहर नगर पालिका सीट पर राजनैतिक पार्टियां किसे अपना उम्मीदवार बनाती हैं ? नगर पालिका अध्यक्ष के टिकट के लिए सबसे ज्यादा लट्ठम लट्ठ बीजेपी में है सत्ताधारी दल के कई दलित नेता टिकट लेकर चुनाव की वैतरणी पार करना चाहते है। इनमे सबसे बड़ा नाम समाजवादी पार्टी से बीजेपी में शामिल होने वाले पूर्व विधायक राम लाल अकेला हैं,नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के भी कई नेता दावेदारी कर रहे हैं जिसमें शत्रोहन सोनकर सबसे चर्चित नाम है, शत्रोहन सोनकर अपने वार्ड से कई बार सभासद रह चुके हैं और पुराने कांग्रेसी नेता है। शत्रोहन सोनकर लम्बे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और माना यह जाता है कि शत्रोहन सोनकर गाँधी परिवार के करीबी भी हैं। शत्रोहन सोनकर के अलावा कुछ और लोग भी दावेदारी कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस से टिकट के प्रबल दावेदार शत्रोहन सोनकर ही हैं। अध्यक्ष पद के लिए सुरक्षित सीट होने के बाद अगर किसी दल में टिकट को लेकर सबसे कम संघर्ष है तो वो है समाजवादी पार्टी, सपा में टिकट को लेकर ना कोई उहापोह है और ना ही कोई दुविधा है, सपा नेताओं की माने तो टिकट पुराने सपा नेता पार्टी के निवर्तमान उपाध्यक्ष राम सेवक वर्मा को मिलेगा, राम सेवक वर्मा समाजवादी विचारधारा के पुराने सिपाही हैं और राम सेवक वर्मा किसी बड़े नेता के पिछलग्गू नहीं है जैसा कि हर दल में गुटबाजी होती है वैसी स्थिति राम सेवक वर्मा को लेकर समाजवादी पार्टी में नहीं है उनकी छवि पार्टी में सर्वमान्य नेता की है। अब यह तो समय बताएगा कि लोकसभा चुनाव के पहले नगर पालिका अध्यक्ष के सेमीफइनल में राजनैतिक दल अपने कौन से खिलाड़ी मैदान में उतारती है ?

CMYK

# सरस्वती विद्या मंदिर की अपनी अलग पहचान : एसडीएम आशीष मिश्रा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



ऊँचाहार, रायबरेली। सरस्वती विद्या मंदिर मेंआकर मुझे अपार खुशी है क्योंकि विद्या मंदिरों की समाज में अपनी अलग और विशेष पहचान है। यह विचार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ऊंचाहार के वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए उप जिलाधिकारी ऊंचाहार आशीष कुमार मिश्रा ने व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार गुप्ता , तहसीलदार ऊंचाहार ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर भारतीय संस्कृति और अनुशासन के ध्वज वाहक हैं। दोनों अतिथियों ने परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई दिया। प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष आर पी बाथम एवं वरिष्ठ सदस्य गया प्रसाद गुप्ता के माध्यम से पुष्प गुच्छ, रामचरितमानस देकर तथा अंगवस्त्र पहनाकर कराया। परीक्षा फल का विवरण परीक्षा प्रभारी दुर्गेश चंद पांडेय ने प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र सोमनाथ शुक्ल ने जूनियर में तथा जया शुक्ला ने सीनियर में सर्वाधिक अंक लाकर विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विविध कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को तथा पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं -वेश, बस्ता, बांसुरी निर्माण चित्रकला, कृष्ण रूप सज्जा, कक्षा सज्जा, शत प्रतिशत उपस्थिति, राखी निर्माण, रंगोली मानस गान, आवर्त सारणी तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी कई प्रतियोगिताओं के 200 से अधिक पुरस्कार मुख्य अतिथियों, प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं अभिभावकों के माध्यम से छात्रों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानमंत्री बहन प्राशू तथा संचालन मंत्री आराध्या पांडेय ने किया।

# बड़े भाई ने छोट भाई को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

संवाददाता, हरदोई कोतवाली देहात क्षेत्र का मामला हंसी-हंसी में पागल कह देने से बौखलाए बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दरअसल बात बस इतनी सी थी कि पान मसाला मांगने पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को पागल कह दिया था। खून का खून करने वाली वारदात कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव में उस वक्त हुई जब छोटा भाई घर के अंदर सो रहा था और बड़े भाई ने उसे मौत की नींद सुला दिया। पुलिस ने उस खूनी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि कौढ़ा गांव निवासी पराग के तीन बेटे थे। उसके एक बेटे की पहले ही मौत हो गई थी। मुन्नीलाल और कल्लू दो बेटे वहीं गांव में ही रहते थे। 55 वर्षीय कल्लू छोटा भाई था, जबकि मुन्नीलाल बड़ा, गुरुवार की रात को कल्लू घर में गहरी नींद में सो रहा था।

# प्रत्याशियों ने भाजपा नेता पर लगाया नामांकन पत्र छीनने का आरोप लगाया

संवाददाता



ऊँचाहार, रायबरेली। संघ के चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पूरे समय गहमागहमी बनी रही। इस बीच अध्यक्ष व उपाध्यक्ष प्रत्याशियों ने भाजपा नेता पर नामांकन पत्र छीनने का आरोप भी लगाया। पुलिस और प्रशासन के साये में चुनाव संपन्न कराया गया। शुक्रवार को कस्बा स्थित जिला सहकारी संघ परिसर में सहकारी संघ के चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए 11 से 12 बजे तक नामांकन पत्र जमा होने थे। 11.32 बजे अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बीजेपी समर्थित शिव हर्ष यादव व उपाध्यक्ष पद के लिए पचखरा निवासी मलखान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 11.58 बजे पूरे तिवराइन मजरे पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी राजनारायन मिश्रा व उपाध्यक्ष पद के लिए सूरसती गांव निवासी त्रिभुवन यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आरोप है कि इसी बीच भाजपा नेता द्वारा नामांकन पत्र गायब करा दिया गया। जिसके बाद दोनों प्रत्याशियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर एसडीएम आशीष कुमार मिश्र कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और मामले को शांत कराने का प्रयास करने लगे। दोपहर दो बजे दोनों प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। दो घंटे की उहापोह की स्थिति के बाद शाम चार बजे पीठासीन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच करते हुए चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। जिसके बाद शिव हर्ष यादव को अध्यक्ष व मलखान को निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव की घोषणा करते हुए पीठासीन अधिकारी संजय सिंह यादव ने बताया कि शिवहर्ष यादव को अध्यक्ष व मलखान को निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाया गया है। एसडीएम आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि नामांकन पत्र छीनने की नहीं गुम हो जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद प्रत्याशियों के पर्चे भरवा कर चुनाव संपन्न कराया गया है।

# अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग के तत्वाधान में नगर में निकाली गई भव्य श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा

## बूढ़ेनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक के पश्चात प्रारंभ हुआ श्रीरामचरितमानस

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

मीरजापुर । श्री राम जन्मोत्सव अवसर पर अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत नगर के बाबा भोलेनाथ मंदिर से दिव्य कलश यात्रा शोभा यात्रा झांकी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पारंपरिक परिधान के साथ महिलाओं के समूह ने भाग लिया तत्पश्चात श्री रामचरितमानस पाठ बालकांड जन्म प्रसंग विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के क्रम में भजन कीर्तन आरती पारंपरिक सोहर एवं अन्य संस्कार गीत आयोजित किए गए। कार्यक्रम की समन्वयक सुविख्यात कजरीध्लोकगीत गायिका उषा गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने दीप कलश शोभा यात्रा झांकी निकाली गयी। तत्पश्चात बाबा भोलेनाथ मंदिर में भव्य श्रृंगार के पश्चात श्री राम जन्मोत्सव भए प्रकट कृपाला पर महिलाओं ने ठुमके लगाते हुए पारंपरिक संस्कार सोहर गीत गाया। श्री राम जन्मोत्सव अवसर पर निकाली गई आकर्षक शोभायात्रा झांकी में महिलाओं ने हाथों में कलश नारियल लेकर गंगा नदी के पक्का घाट से कलश में गंगा जल भर कर बाबा भोलेनाथ महादेव का जलाभिषेक किया। श्री राम जन्मोत्सव अवसर पर प्रात: काल निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा में नगर से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हाथों में कलश लेकर भव्य शोभायात्रा निकालकर प्रभु श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। शोभायात्रा में बूढ़ेनाथ मंदिर के महंत श्री योगानंद गिरी महाराज, महन्त वेद गिरी, शिवानन्द गिरी, पद्म विभूषण से सम्मानित पंडित छन्नूलाल मिश्रा, नम्रता मिश्र, गिरीश मिश्र, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, पत्रकार नितिन अवस्थी, संदंभ पांडेय, संतोष देव गिरि, संतोष श्रीवास्तव, समीर वर्मा, महिला प्रमुख दीपा उमर, शिवांगी ऊमर, सह प्रभारी पूजा यादव, दीपा गुप्ता, सुनैना यादव, साधना गुप्ता, राधा सोनी, अनीता गुप्ता, पूनम केशरी, शैल गुप्ता, बिंदो देवी, सुशीला देवी, लता, कंजन, सिंपल, विनीता, सिद्धीका, गौरी, वैभवी, राधा, साक्षी, देवेश जी अजय मिश्रा सुधांशु महाराज, सिम्पल गुप्ता, कंचन गुप्ता, सुशीला देवी, लता गुप्ता, केदारनाथ इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।



# भागवत कथा समापन पर समिति ने बांटे रुद्राक्ष

संवाददाता, हरदोई शाहाबाद जय भोले सेवा समिति की तरफसे मानव कल्याण एवं भोले नाथ की कृपा बनी रहने के लिए भागवत कथा के समापन पर रुद्राक्ष का वितरण किया।समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परम परम पूज्य देवी दिव्यता जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा पंथवारी देवी मंदिर नौसारा बजरिया शाहाबाद में चल रही श्री मद भागवत कथा के विश्राम दिवस शुभ अवसर पर जय भोले सेवा समिति द्वारा निशुल्क रुद्राक्ष वितरण किए गए रुद्राक्ष पाकर भक्तजनों के खिल उठे चेहरे समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र महाराज ने बताया की जब तक महादेव का रुद्राक्ष आपके पास है तब तक दुनिया की कोई भी ताकत तुम्हें हरा नहीं सकती है महादेव के आंसू हैं आज वही रुद्राक्ष विश्व के लोगों के चेहरे पर दे रहे हैं मुस्कान समिति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परम पूज्य देवी दिव्यता जी ने बताया की जिस घर में रुद्राक्ष होता है उस घर में खुशियां ही खुशियां होती हैं रुद्राक्ष संपूर्ण भारत का कल्याण करने वाला है प्रदेश अध्यक्ष रेखा कुशवाहा ने कहा कि रुद्राक्ष के नाम से हो रही लूट को खत्म करना है इसीलिए हमारी समिति ने हर महीने के अंतिम रविवार को रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम किया जाए ताकि समाज के लोगों को निशुल्क रुद्राक्ष पहुंच सके राकेश कुशवाहा हरीराम कुशवाहा प्रभू दयाल कुशवाहा बृजकिशोर कुशवाहा रमेश राजपूत राजीव कुशवाहा रामप्रसाद राजपूत सर्वेश राजपूत रामकुमार कुशवाहा लालाराम दीक्षित रामु राठौर राम सिंह राठौर रेखा कुशवाहा नीलम सिंह मदन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत गांव के बाहर खेतों में पड़ा मिला शव

संवाददाता, हरदोई। बिलग्राम इलाके में देर रात आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। वह बेहटी खुर्द के फूलमती मंदिर में अखंड रामायण पढ़ने गए थे। देर रात घर वापस आते वक्त आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि बिलग्राम थाना क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में अखंड रामायण पढ़कर किसान वापस घर लौट रहा था। गांव के पास खेतों में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। जब गांव वालों ने सुबह किसान के शव को खेत में पड़ा देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान कमलेश पाठक पुत्र रामसनेही ग्राम बेहटी खुर्द के रूप में हुई है। वह गांव के बाहर मंदिर से रामायण पढ़कर वापस घर आ रहा था। तभी वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही कमलेश की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने कमलेश के शव को पड़ा देखा तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में हादसे से कोहराम मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया मृतक कमलेश के तीन पुत्र हैं। उसकी मौत से परिवार के आगे पालन -पोषण का संकट खड़ा हो गया है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। जोकि बेहटी खुर्द के फूलमती मंदिर से रामायण पढ़कर वापस आ रहा

# कार्य ही कराते हैं कार्यकर्ता की पहचान: रजनी तिवारी

संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद ब्लॉक सभागार में पार्टी के निर्देश पर शुक्रवार को बूथ कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई।जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता की पहचान उसके कार्य होते हैं न कि पद।पदाधिकारियों को पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए सरकार की नीतियों पर चलकर जनता की सेवा करना चाहिए। आगामी नगरपालिका व लोकसभा सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बूथ सत्यापन की कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र ने कि जिस प्रकार सभी विरोधी दल भाजपा को हराने के लिए एक जुट हो रहे हैं तो कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को कुछ न कुछ करना है सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के हित में अपना समर्पण करें। उन्होंने बताया कि यदि पार्टी का मान बढेगा तो आपका भी सम्मान बढेगा।जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने कार्यकर्ताओं का वृत्त लिया ।जिन मंडलों पर अच्छा कार्य हुआ है उनको बधाई देते हुए कहा कि सभी मण्डल अध्यक्ष गणों को इनका अनुसरण करना चाहिए।इस अवसर पर फायर ब्रांड भाजपा नेता राजेंद्र मिश्रा , नवनीत गुप्ता ,अमित मिश्रा , सुनील गुप्ता, देवेंद्र राजपूत , अनिल शुक्ला ,अंकित मिश्रा, आरती मिश्रा ,सुभाष रस्तोगी , महेंद्र बाल्मीकि, राजीव राठौर सुभाष सिंह, देवराज सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# पानी निकास को लेकर घर में घुस कर मचाया तांडव

संवाददाता, पूरनपुर। पानी निकाश को लेकर कहासुनी के बाद रंजिशन घर में घुसकर महिलाओं को पीट दिया।मारपीट के दौरान महिलाओं के जेवर लूटने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव के गांव केसरपुर कला निवासी महिला सरकार जंहा ने बताया गांव के ही रहने वाले जान मोहम्मद से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। पानी निकाल को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी। जिसको लेकर गांव के कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया था।पानी निकास को लेकर हुई कहासुनी कि रंजिश मानते हुए फिर से लोग महिला के घर में पुरुष न होने का फायदा उठाकर गाली गलौज करने लगे।बताया जाता है कि पति बाहर मजदूरी करने गया हुआ है।महिलाओं के घर में अकेला होने के कारण आरोपियों ने घर में घुसकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया।महिला के द्वारा विरोध करने पर जान मोहम्मद आदि ने एक राय होकर महिला को लात घूंसों से मारना पीटना शुरू कर दिया।झगडे की आवाज सुनकर बचाने आई बहू को भी बुरी तरह से मारा-पीटा। इतना ही नहीं आरोप है कि महिला के नाक में पहने हुए सोने का फूल एवं चांदी के बिछिया नोच ले गए।इसके बाद आरोपी शोर-शराबा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# विधानसभा छानबे उप चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



मीरजापुर । जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा 395-छानबे (अ0जा0) उप चुनाव 2023 के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ आर्दश आचार संहिता एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी ने कहा कि आर्दश आचार संहिता लागू हो गयी है इसका कड़ाई से पालन किया जाय। उन्होने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल गाड़ी में बैनर पोस्टर साथ लेकर न चलें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख व्यय कर सकते हैं। उन्होने कहा कि कोई राजनैतिक दल सरकारी सम्पत्ति पर बैनर पोस्टर नही लगायेंगे। उन्होने कहा कि किसी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नही करना चाहियें, जिससे विभिन्न जातियों और धार्मिक भाषायी समुदायों के विद्यमान मतभेदों को बढ़ाये या घृणा की भावना उत्पन्न करे तनाव पैदा करें। मस्जिदों, गिरजाघरों, मन्दिरो या पूजा के अन्य स्थानो का निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयोग नही किया जायेगा। राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों के द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं-जुलूसों आदि आदि में बाधाये उत्पन्न न करें। किसी भी दल के द्वारा जुलूस उन स्थानो से होकर नही ले जाया जायेगा, जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाए की जा रही हों। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को जानकारी देते हुये बताया कि विधानसभा 395-छानबे (अ0जा0) उप चुनाव 2023 के सम्बन्ध में निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक 13 अप्रैल 2023, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 20 अप्रैल 2023, नाम निर्देशनों की जांच 21 अप्रैल 2023, नाम वापसी हेतु 24 अप्रैल 2023 मतदान 10 मई 2023 मतगणना 13 मई 2023 निर्वाचन आयोग द्वारा तिथि निर्धारित की गयी हैं। उन्होने कहा कि किसी भी सभा के आयोजकों के लिये अनिवार्य होगा कि वे सभा में विघ्न डलने वाले या अव्यवस्था फैलाने का प्रयत्न करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिये ड्यूटी पर तैनात पुलिस की सहायता प्राप्त करें। किसी दल या उम्मीदवार को पहले से ही निश्चित कर लेना चाहिये कि क्या सभा के लिये प्रस्तावित स्थल पर कोई निषेधात्मक आदेश लागू नही है यदि आदेशो में कोई छूट अपेक्षित हो तो उसके लिये समय से आवेदन किया जायेगा और छूट प्राप्त की जायेगी। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या अभ्यर्थी को पहले से ही बात तय करना लेना चाहिये कि जुलूस किस समय किस स्थान से शुरू होगा और किस मार्ग से होकर जायेगा व समय, स्थान पर समाप्त होगा। इसमें कोई परिवर्तन नही होगा। आयोजक को जुलूस को गुजरने की व्यवस्था करने के लिये आवश्यक उपाय करने होंगे जिससे यातायात व्यवस्था में कोई बाधा उत्पन्न न होने पायें। निजी भवनों पर बैनर, झण्डे व पोस्टर आदि लगा सकता है परन्तु भवन स्वामी से लिखित में अनुमति ली जायेगी। अनुमति दो प्रतियों में बनेगी एक प्रति भवन स्वामी व दूसरी प्रति प्रत्याशी के पास रहेगी। उम्मीदवार के द्वारा मुद्रण कराये जाने वाले पम्पप्लेट पोस्टर के मुख्य भाग पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अंकित होना अनिवार्य होगा। उम्मीदवार के प्रचार प्रसार हेतु वाहन की अनुमति आनलाइन ली जायेगी और रिटर्निंग आफिसर द्वारा अनुमति आनलाइन ही दी जायेगी।

# स्वच्छता मशाल मार्च' निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक




स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

शाहजहाँपुर। नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के लिये 'स्वच्छता मशाल मार्च' निकाल कर जनमानस को जागरूक किया गया। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के खिरनीबाग रामलीला मैदान से नगर निगम तक स्वच्छता मशाल मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र की सम्भ्रांत महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में सक्रिय प्रतिभाग किया गया। स्वच्छता मशाल मार्च रामलीला मैदान से शुरू होकर बिस्मिल पार्क, सदर थाना होते हुए नगर निगम पहुंचा। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती व स्वच्छ मशाल मार्च में सक्रिय प्रतिभाग करने वाली महिलाओं द्वारा मशाल मार्च में ष्मेरा कूड़ा- मेरी जिम्मेदारीष, ष्हम सबने ठाना है- नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाना हैष् के नारे के साथ लोगों से अपील की गई। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती के साथ स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, दापिंदर कौर, पूनम मेहरोत्रा, शिल्पी गुप्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं नगर की अन्य सम्भ्रांत महिलाओं ने सक्रिय प्रतिभाग कर स्वच्छ मशाल मार्च को सफल बनाने में सहयोग किया।

# पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारों के साथ व्यापारियों ने निकाला जुलूस

## थानाध्यक्ष के निलंबन को लेकर दुकान बंद कर दिया धरना



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बहराइच । जिले के जरवल रोड बाजार के व्यापारियों ने शुक्रवार को दुकानें बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद गांधी प्रतिमा के सामने एकत्रित हुए। सभी ने थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। बाजार बंदी और प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने सभी से वार्ता की। एसडीएम ने तीन दिन में कार्यवाई का आश्वासन देकर धरना स्थगित करवा दिया है।जनपद के जरवल रोड बाजार निवासी इलेक्ट्रिक अभिषेक सिंह को 25 मार्च को जरवल रोड थाने की पुलिस ने दुकान से घसीट कर थाने ले गई। इसके बाद पिटाई करते हुए चालान कर दिया था। इसको लेकर जरवल रोड उद्योग व्यापार मंडल में नाराजगी है। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतेंद्र शुक्ला और प्रदीप जायसवाल की अगुवाई में सभी ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर कार्यवाई की मांग की थी। व्यापारियों ने कार्यवाई न होने पर 31 मार्च को बाजार बंद कर आंदोलन की चेतावनी दी थी। उसी के तहत शुक्रवार को सभी ने दुकान बंद कर धरना शुरू कर दिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस मार्च निकाला। इसके बाद सभी गांधी प्रतिमा के सामने धरने के लिए बैठ गए। सभी थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग करने लगे। इसकी जानकारी एसडीएम महेश कुमार कैथल को हुई। इस पर उन्होंने व्यापार मंडल के अध्यक्ष से वार्ता की। एसडीएम ने तीन दिन में कार्यवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस पर व्यापारियों ने धरना स्थगित कर दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि अगर कार्यवाई न हुई तो सभी पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान व्यापारी नीरज अग्रवाल, मोनू सिंह, भाकियू जिलाध्यक्ष मोहन लाल वर्मा, अजय कुमार वर्मा तहसील अध्यक्ष भाकियू,सुधीर सिंह, पुत्तीलाल यादव,नीरज अग्रवाल, रजत जैन, फूलचन्द्र वर्मा, संदीप कुमार ,सुमित गुप्ता समेत अन्य शामिल रहे।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी समन्वयक के कोआडिनेटर राजीव द्विवेदी ने कहा सड़कों पर संघर्ष करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता




स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

उरई (जालौन)। भाजपा ही भारत तोड़ने का काम कर रही है जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ने का काम कर रही है। उक्त बात आज शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन रामनगर उरई में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी समन्वयक कमेटी कोआडिनेटर राजीव द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा विगद दिनों लोकसभा की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के सम्बंध के बारे कुछ प्रश्न पूछे थे। जिनमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी के मध्य क्या रिश्ता है और कब से है तथा गौतम अडानी के ब्यापार में विदेशों से आया बीस हजार करोड़ रुपया किसका है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सरकारी विदेश यात्राओं में कितनी बार गौतम अडानी को अपने साथ ले गये। इसके अलावा अडानी कंपनी को प्रधानमंत्री द्वारा कितने और किन-किन देशों से ठेके दिलवाये। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ से अडानी कंपनी के शेयर खरीद कर कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने के क्या कारण है। जिसका जबाब भी नहीं दिया गया और उल्टा न्यायालय के द्वारा दो साल की सजा भी राहुल गांधी को दिलवा दी तथा आनन-फानन में उनकी संसद सदस्यता रद्द कर सरकारी बगलें को खाली करने का नोटिस भी जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इस मुद्दे को लेकर सडकों पर उतर कर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी तथा जनता के बीच पहुंच कर भाजपा सरकार के कारनामों उजागर करेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपांशु समाधियां, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज मिश्रा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी, भुवन त्रिपाठी जितेंद्र मिश्रा कमल दोहरे अमित पांडे राजेश प्रजापति शकुंतला देवी पटेल यूनिसेफ ख्वाजा बख्श मंसूरी इंजीनियर मनमोहन सिंह जाटव भगवान सिंह यादव अरविंद द्विवेदी अनुज मिश्रा, लल्लू भुआ, रामहेत पलासिया चंचल कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

CMYK

# संजय कुदेशिया को मिली वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद की जिम्मेदारी

## उन्होंने डा.उदय शंकर अवस्थी के प्रति जताया आभार

संवाददाता

प्रयागराज। इफको फूलपुर इकाई के कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया का वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद पर पदोन्नति हो गई। बुधवार को वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद की जिम्मेदारी मिलने पर सर्वप्रथम उन्होंने प्रबंध निदेशक डा. उदय शंकर अवस्थी के प्रति आभार प्रकट किया। संजय कुदेशिया जयपुर, राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने आईटी-बीएचयू से केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है एवं वर्ष 1987 मे स्नातक अभियंता प्रशिशु के रूप में इफ्को कांडला में



शामिल हुए। अपने समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ वह इफ्को फूलपुर इकाई का नेतृत्व कर रहे है।

उन्हें संयंत्र में 35 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है, इस 35 वर्षों में उन्होंने इफ्को की विभिन्न परियोजनाओं में आंवला संयंत्र,पारादीप संयंत्र, ओमान में स्थित ओम-इफको, मानव संसाधन विभाग में अपनी सेवाएं दी है। संजय कुदेशिया में एक अनुभवी नेतृत्व क्षमता है और वे कृषि क्षेत्र में संतुलित उर्वरक, उर्वरक की गुणवत्ता और किसान की आय बढ़ाने की दिशा में काम रहे हैं। अभी हाल में नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र के स्थापना एवं संचालन में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऑल इंडिया इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने फोन द्वारा, संयुक्त महाप्रबंधक में संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी पी.के.पटेल,रत्नेश कुमार व अरूण कुमार,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफ्को इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, समस्त विभागाध्यक्ष व अनुभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

## दबंगों ने घर में कब्जा करने की नियत से दीवार तोड़ी पीड़ित ने दी थाने में तहरीर

संवाददाता

कानपुर। विजयनगर केडीए कॉलोनी निवासी राज गुप्ता ने बताया कि कई वर्षों से कॉलोनी में निवास करता आ रहा हूं हमारे पड़ोस के कुछ दबंग्ग आए दिन गाली गलौज करते रहते हैं जिसका विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं जिसकी शिकायत कई बार मैंने पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई ना होने की वजह से दबंगों के हौसले बुलंद हैं आज योजनाबद्ध तरीके से लगभग 8 लोगों ने हैमर मशीन से दीवार को तोड़ दिया और जब मैंने इसका विरोध किया तो सभी लोग मारपीट करने लगे जब सभी हमलावर होने




लगे तो मैं अपनी जान बचाकर भागा और कंट्रोल रूम को पुलिस को सूचना दि पुलिस के आने पर सभी लोग भाग निकले पूरी घटना की जानकारी मैंने लिखित शिकायत काकादेव थाने में दी है क्योंकि यहां लोग कभी भी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम दे सकते हैं इसलिए पुलिस से अपनी जान माल सुरक्षा के लिए थाने में तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## युवा कलाकार का बेहतरीन नाट्य प्रदर्शन

संवाददाता

प्रयागराज। आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला मे युवा महोत्सव के अवसर पर संस्कृति पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश संस्कृति परिषद प्रयागराज एवम् संस्था आरंभ रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में रामायण नृत्य नाटिका कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में किया गया। रामायण नृत्य नाटिका कार्यक्रम युवा कलाकार रितिका अवस्थी और उनके साथियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हर्षवर्धन बाजपेई विधायक शहर उत्तरी प्रयागराज, कविता यादव त्रिपाठी, रंगबली पटेल सदस्य राज्य कार्यकारिणी भाजपा, संध्या सिंह अपर निदेशक शिक्षा




विभाग आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, डॉ.रामनरेश पाल क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी, अंगद पटेल, राकेश कुमार वर्मा, हरिशचंद्र दुबे आदि संस्कृति विभाग के कर्मचारियों सहित दर्शको की उपस्थिती रही।

## अशोक सम्राट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया याद

संवाददाता

कानपुर। सामाजिक संगठन सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य फाउंडेशन के नेतृत्व में विश्व विजेता सम्राट अशोक महान जी की जयंती अशोक वाटिका चौराहा केशवपुरम आवास विकास में धूम धाम से मनाई गई कार्यक्रम के आयोजक नरेन्द्र चंचल कुशवाहा ( अध्यक्ष -सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य फाउंडेशन) ने कहा की सम्राट अशोक महान जी का जन्म 304 ईशा पूर्व पटना में हुआ था सम्राट अशोक जी का पूर्व नाम देवानांप्रिय अशोक था सम्राट अशोक मौर्य साम्राज्य उत्तर में हिंदुकुश तक्षशिला कि श्रेणीयो से लेकर के दक्षिण में गोदावरी नदी सुवर्णगिरी पहाड़ी में अफगानिस्तान ईरान बालूचिस्तानतान पहुंच गया फाउंडेशन के संरक्षक राजीव द्विवेदी (एडवोकेट )जी ने कहा कि सम्राट अशोक का साम्राज्य आज का संपूर्ण भारत पाकिस्तान अफगानिस्तान



नेपाल बांग्लादेश के अधिकांश भूभाग पर था यह विशाल साम्राज्य रहा है चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान विश्व के सभी महान शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शीर्ष स्थान पर ही रहे हैं! दीपक प्रज्वलित करते हुए ! श्री विजय मार्तोलिया जी (भावी महापौर प्रत्याशी कानपुर) ने कहा कि सम्राट अशोक की लाट पूरे विश्व में प्रसिद्ध है क्योंकि सम्राट अशोक चक्र से गणमान्य लोगों को राष्ट्रपति जी सम्मानित करते हैं सरकारी विभागों में अशोक की लाट अशोक स्तंभ लगा होता है इससे भारत की पहचान होती है! जबकि आज की सरकारी रुपयों में सम्राट अशोक की लाट को छोटा कर विलुप्त करने में लगे हुए हैं! अगले वर्ष से यहा से विशाल यात्रा भी लिकली जायेगी कार्यक्रम में तुफैल अहमद खान अनूप कुशवाहा अभय दुबे ब्रजलाल कुशवाहा विजय कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा जीतेंद्र गांधी अनुराग पाल पिंकू कुशवाहा हरे राम कटियार मुन्नी लाल कुशवाहा राजभान सिंह राजू कुशवाहा रूपेश कुशवाहा मनोज कुमार सुरेश चंद कठेरिया ब्रजलाल कुशवाहा रति पाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भौपुर मस्तान नगर को सिंभावली पावर प्लांट ने भेट की एंबुलेंस



संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड के गढ़मुक्तेश्वर के थाना सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंभावली पावर प्लांट की तरफसे ग्राम पंचायत भौवापुर मस्तान नगर ,ब्लॉक सिंभावली की तरफसे एक एंबुलेंस जनसेवा के लिए भेंट की गई इस अवसर पर ग्राम प्रधान कल्पना गोयल ने कहा कि रोगियों की सेवा और उन्हें समय पर इलाज मिलने के लिए एक एंबुलेंस की मांग काफी समय से थी जिसे आज पूरा किया गया है कार्यक्रम में पावर प्लांट के सीजीएम अनिल चौरसिया ,सिंभावली शुगर मिल के सीजीएम करण सिंह दिनेश शर्मा के पी राणा ,सरदार रंजीत सिंह ,नारायण सिंह, इंजीनियर रामवीर, सिंह, मुकुल गोयल, पंडित शिवदत्त शर्मा, भूपेंद्र शर्मा , सत्येंद्र सिंह ,ऋषि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।'

## इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाडियों का बेहतरीन प्रदर्शन

चरागों को उछाला जा रहा है, हवा पर रौब डाला जा रहा है,
न हार अपनी न अपनी जीत होगी, मगर सिक्का उछाला जा रहा है



संवाददाता

प्रयागराज। इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रेड हाउस और येलो हाउस ने अपने लीग मुकाबले में अगले चरण में अंक में इजाफा किया वहीं दूसरी तरफपिंक हाउस अपने लिए एक भी अंक जुटने में असफल रही। प्रथम सत्र के दौरान रेड हाउस और येलो हाउस के बीच मैच संपन्न हुआ। जिसमें रेड हाउस 30 रनों से विजयी रहा। रेड हाउस पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 107 रन बनाए। किन्तु यलो हाउस की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट पर 77 रन पर ही सिमट गई। रेड हाउस की तरफसे दीपांकर ने 46 और शिवम यादव ने 35 रनों का शानदार योगदान किया।। गेंदबाजी करते शिवम यादव ने 8 रन देकर 3 विकेट भी चटकाएं जबकि येलो हाउस के विभव ने बल्लेबाजी करते हुए 33 रन बनाए। गेंदबाज मेहताब तथा हर्षवर्धन ने 3- 3विकेट भी चटकाएं।द्वितीय सत्र में मुकाबला पिंक हाउस और येलो हाउस के बीच संपन्न हुआ। जिसमें येलो हाउस विजयी रही।यह मैच यलो हाउस ने 6विकेटों से जीता। पिंक हाउस ने पहले खेलते हुए 111 रन बनाए। किन्तु येलो हाउस ने 4 विकेट पर 112 रन बना लिए। यलो हाउस के बल्लेबाज मधु ने 26 रन और विभव ने 20 रनों का योगदान दिया।उनके गेंदबाज विभव ने 21रन देकर तीन विकेट हासिल किया।जबकि पिंक हाउस की तरफसे हितेष ने 40 रन बनाए और सूर्यांश ने 37 रन बनाए उनके गेंदबाज श्री अजय कुमार ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए।जानकारी देते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश साहू ने बताया कि मैच के अंपायर राकेश साहू और डॉक्टर अचिंत टेरेंस थे।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर सजा सुनाए जाने के विरोध में कांग्रेसियो ने सरकार का किया विरोध




संवाददाता

हापुड़। हापुड नगर पालिका स्थित गांधी पार्क में कल जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने और उनके खिलाफसजा सुनाए जाने के विरोध में कांग्रेसियो ने संकल्प सत्याग्रह द्वारा सरकार का विरोध किया। जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना के तहत हमारे नेता 'राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने के साथ साथ उन्हें 2 साल की सजा भी सुनाई गई हैं जिस कारण पूरे देश मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। आज इसी मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी संकल्प सत्याग्रह पर बैठे हैं। बीजेपी राहुल गांधी के जिस बयान को श्ओबीसी विरोधीश् बता रही है, उसे लेकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा, क्या नीरव मोदी ओबीसी हैं क्या मेहुल चोकसी ओबीसी हैं क्या ललित मोदी ओबीसी हैं वे सिर्फ भगोड़े हैं। सिर्फ 6साल में अगर अडानी 600 नंबर से दूसरे नंबर पर कैसे आया। ये कौन सी मशीन है जिसमे करोड़ो रुपए रोज कमाता है, तो ये पूछना जरूरी है. यह पैसा आया कहां से ये पैसा किसने दिया। वरिष्ठ नेता सतीश शर्मा जी ने कहा कि राहुल गांधी ने एक भाषण दिया जिसके चलते उन्हें सजा हुई, लेकिन मोदी जी ने तो न जाने कितने भाषण गांधी परिवार और कांग्रेस के खिलाफ दिए उन पर तो कब का मानहानि का केस लगाकर सबक देना चाहिए था प्रदेश सचिव डॉ. शोएब ने कहा कि अगर संसद में मुख्य विपक्षी दल को को ही न बोलने दिया जाए तो क्या हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा खास कर तब सविंधान में ये लिखा हुआ है कि विपक्ष को अपनी बात रखने, देश हित के मुद्दे उठाने का पूरा अधिकार होता है। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह गौतम, शहजादा चौधरी, नरेश भाटी, यशपाल सिंह ढिलोर,सीमा शर्मा, नरेश कर्दम, खालिद मोहम्मद, दीपक मोघे, बिनोद शर्मा, राहत चौधरी, हसन आतिफ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमरजीत सिंह जंगी, इंद्रकांत बाना, रामप्रताप जाटव, मदन सिंह चौहान, ज्ञानेंद्र गुप्ता,चमन शर्मा, दिलशाद चौधरी, सुनील कुमार शास्त्री,ल.ब् शर्मा, सौरव सिंगल ,हेमंत कुमार जाटव, मोहम्मद जावेद, सचिन कुमार, शिवेंद्र सिंह, सीमा शर्मा, जकरिया मनस्वी, कुसुम लता, मिथलेश, अनिल शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुंदर गुप्ता, नरेंद्र आदि कांग्रेसी रहे।

## अमृत भारत योजना में शामिल हुआ कन्नौज रेलवे स्टेशन

संवाददाता, कन्नौज। कन्नौज रेलवे स्टेशन को शासन की अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है। इसके तहत एक वर्ष में ये रेलवे स्टेशन हाईटेक सुविधाओं से लैस हो जाएगा। इसके लिए रेलवे की मंडल रेल प्रबंधक ने कन्नौज पहुंचकर रेलवे परिसर का निरीक्षण किया। रेलवे की खाली पड़ी जमीन को उपयोग में लाने के निर्देश दिए। परिसर में गंदगी देख उन्होंने अधिकारियों को फटकार भी लगाई। अमृत भारत योजना में कन्नौज रेलवे स्टेशन को शामिल किए जाने के बाद इज्जतनगर बरेली की मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव कन्नौज पहुंची। उन्होंने करीब डेढ़ घण्टे रुक कर स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। स्टेशन की बाउण्ड्री के बाहर खाली पड़ी रेलवे की जमीन को बाउंड्री के अंदर लेने के निर्देश दिए और वहां पार्किंग की व्यवस्था करने की बात कही। रेलवे की खाली जमीन पर गंदगी फैली देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। स्टेशन पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने प्लेटफार्म पर बने ओवरब्रिज में निकास और और प्रवेश द्वार बनाने के निर्देश दिए, ताकि प्लेटफार्म पर जाए बिना ही आमजन स्टेशन के दूसरी तरफ जा सकें। इसके अलावा पार्सल घर को हटाकर दूसरी जगह बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम रोहित गुप्ता, हरीश कुमार, अपर मंडल प्रबन्धक राजीव अग्रवाल मौजूद रहे। इज्जत नगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कन्नौज रेलवे स्टेशन अब फर्रूखाबाद और कासगंज स्टेशनों की तरह अमृत भारत स्टेशन की श्रेणी में शामिल हो चुका है। अब यहां आकर्षक प्रवेश द्वार, आधुनिक सुविधाएं, दिव्यांगो के लिए रैम्प, सीसीटीवी कैमरे, लाइटिंग, आधुनिक इज्जत घर जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## अतीक आरोपी बन कर गया, दोषी होकर लौटा

संवाददाता, प्रयागराज। उमेश पाल अपहरण कांड में एमपीध्एमएलए कोर्ट में न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने माफिया अतीक के साथ दिनेश पासी व अधिवक्ता खान शौलत हनीफको उम्र कैद की सजा सुनाई।साथ ही 9300 रुपये का जुर्माना व एक एक लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का आदेश दिया है। बाकि लोगों को बरी कर दिया है। मीडिया से रूबरू हुए अतीक. ... अतीक अहमद पुनः साबरमती जेल मे पहुँचने पर मीडिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए अपने और अशरफके ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए माननीय उच्च न्यायालय में अर्जी लगाने की बात कही है।साथ ही मीडिया को धन्यवाद देते हुए भरोसा जताया।और कहा कि आप लोगों की बड़ी मेहरबानी है। असद के बारे में पूछने पर मुझे कोई जानकारी नहीं है कहते हुए पल्ला झाड़ लिए।वहीं जब उमेश पाल हत्या कांड की बात आयी तो साफगोई से जवाब देते हुए कहा कि मै तो जेल में था।

## साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद,पुलिस कर्मियों की डीपी लगातार ठगी की कोशिश

संवाददाता, जनपद हापुड़ में साइबर ठगों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। अब साइबर ठग पुलिस कर्मियों की डीपी लगाकर रुपये मांग रहे हैं एसपी ने लोगो से ठगी से बचनें की अपील की है। जानकारी के अनुसार साइबर अपराधियों ने एसपी अभिषेक वर्मा व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर कामेश की डीपी लगाकर ठगी की कोशिश की जा रही है। इससे जुड़े स्क्रीनशॉट वायरल हुए हैं। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने खुद को एसपी अभिषेक वर्मा बता कर लोगों से इंस्टाग्राम मैसेज कर ऑनलाइन पेमेंट करने की मांग की है। एसपी ने साइबर सेल की टीम को सौंप दी है। बताया गया कि इंस्टाग्राम पर एसपी अभिषेक वर्मा की फर्जी आईडी बना ली है। उस आईडी के नाम से लोगों से रुपए मांगे जा रहे हैं। आरोपितों ने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी कुछ तस्वीरें भी शेयर की है। ताकि लोग झांसे में आ जाए। आरोपित ने खुद को आईपीएस अधिकारी भी लिखा है। इसके बाद आरोपी ने मैसेज के जरिए लोगों से रुपये मांगे। मामले की जानकारी उन्हें कुछ लोगों व पुलिस कर्मियों के काल आने के बाद हुई। एसपी अभिषेक वर्मा ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का मैसेज मिलने पर ठगी का शिकार होने से बचें। किसी तरह के झांसे में न आएं।

## 2 करोड रुपए कीमत की हिमाचल प्रदेश की ब्लैक डॉट अंग्रेजी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, जनपद हापुड़ के थाना पिलखुवा पुलिस ने चौकिंग के दौरान हिमाचल से लाई जा रही ने दो करोड़ की एक हजार पेंटी अंग्रेजी शराब सहित कैंटर पकड़कर शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। शराब तस्कर गिरोह के सदस्य विभिन्न जिलों और बिहार राज्य में शराब की तस्करी करते हैं। पकड़ी गई शराब की कीमत लाखों रुपये में हैं। वही थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि मुरादाबाद की ओर तस्करी कर भारी मात्रा में अवैध शराब को ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचे और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। चौकिंग के दौरान ट्रक की चौकिंग की तो पुलिस को उसमे भारी मात्रा में पेटिया बरामद हुई। पुलिस ने उन पेटियों की भी जांच की तो भारी मात्रा में हिमाचल प्रदेश की ब्लैक डॉट नाम की अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने ट्रक चालक ग्राम गोगपुर थाना झांसा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा निवासी सोहन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि ट्रक मालिक गुरमैल सिंह के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्होंने कहा कि दो करोड़ की एक हजार शराब पेंटी शराब पकड़ी। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि शराब तस्करी करने वाला यह गिरोह अंतरराज्यीय गिरोह है। जिसके कई राज्यों में यह शराब की तस्करी करते हैं। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में महतत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था देख भड़के मंडलायुक्त,लगाई फटकार

संवाददाता, प्रयागराज। मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को कौंधियारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। जहाँ अधिकांश डॉक्टर एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा फार्मेसिस्ट जयसिंह की 3 दिन से बिना कारण अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। ब्लॉक कम्युनिटी प्रोग्राम मैनेजर (बीसीपीएम) अजय कुमार की बिना टूर रजिस्टर पर एंट्री की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सीमा की निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति के बारे में पूंछे जाने पर उन्हें अवकाश पर होना बताया गया परंतु अवकाश के संबंध में उनका प्रार्थना पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका जिस पर भी मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की। इमरजेंसी रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी के संबंध में पूछे जाने पर पता चला कि इमरजेंसी रजिस्टर ही नहीं बनाया गया था। टी.बी. मरीजों हेतु बनाई गई डॉट्स प्रयोगशाला एवं वैक्सीन कक्ष का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान वैक्सीन के रख रखाव एवं लॉग बुक संबंधित जानकारी ली गई। वैक्सीन कक्ष में तैनात महिला कर्मी से वैक्सीन रखने के टेंपरेचर के संबंध में पूंछे जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका जिस पर भी मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्ति की। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक कार्यालय में बने शौचालय में साफसफाई की समुचित व्यवस्था ना होने एवं पानी की टोटी टूटी पाई गई। टेलीमेडिसिन कक्ष भी बंद पाया गया तथा उसके बारे में जानकारी लेने पर वह कब खुलता है एवं बंद होता है उसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिली। औषधि भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया गया एवं रेंडम दवाइयों की लॉग बुक में की गई एंट्री से मिलान करने पर अनियमितताएं पाई गई जिसके पश्चात फार्मासिस्ट के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# ओयो को 2022-23 में 5,700 करोड़ रुपए के राजस्व की उम्मीद

एजेंसी, नयी दिल्ली । आतिथ्य एवं यात्रा सेवाएं देने वाले प्रौद्योगिकी मंच ओयो को वित्त वर्ष 2022-23 में अपना राजस्व 5,700 करोड़ रुपए से अधिक रहने की उम्मीद है। ओयो के संस्थापक एवं समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश अग्रवाल ने अपने कर्मचारियों के साथ संवाद के दौरान यह संभावना जताई। अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष का राजस्व एक साल पहले की तुलना में 19 प्रतिशत बढ़कर 5,700 करोड़ रुपए से अधिक रह सकता है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 में ओयो ने 4,780 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया था। इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि ओयो को अगले वित्त वर्ष में समायोजित एबिटा आय करीब 800 करोड़ रुपए हो जाने की उम्मीद है। एबिटा आय का मतलब ब्याज, कर, ह्रास एवं कटौती से पहले की आय है।




उन्होंने कहा कि भारत, इंडोनेशिया, अमेरिका एवं ब्रिटेन में सतत वृद्धि और यूरोप के वैकेशन होम कारोबार के भी अच्छा प्रदर्शन करने से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि कंपनी का नकद प्रवाह बेहतर होने से बाह्य वित्त पर निर्भरता में भी कमी आई है। इस बारे में संपर्क किए जाने पर ओयो के प्रवक्ता ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ओयो ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष पेश दस्तावेज के मसौदे में कहा था कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उसका समायोजित एबिटा 63 करोड़ रुपए रहा। सेबी ने ओयो को कुछ अद्यतन जानकारियों के साथ आईपीओ आवेदन नए सिरे से दाखिल करने को कहा था। ओयो ने सितंबर, 2021 में 8,430 करोड़ रुपए का आईपीओ लाने से संबंधित प्रारंभिक आवेदन सेबी के पास किया था। हालांकि, बाजार में जारी उतार-चढ़ाव से इस आईपीओ को टाल दिया गया है।

# जापानी पीएम किशिदा ने चीन के राजदूत से मिलने का अनुरोध ठुकराया, विशेषज्ञों को याद आए जयशंकर

एजेंसी, टोक्यो। जापान और चीन के बीच चल रहे तनाव से पूरी दुनिया वाकिफहै। दोनों देशों के रिश्ते लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और हाल ही में नए घटनाक्रम से ये रिश्ते और बिगड़ने के आसार हैं । जापान और चीन के बीच शांति संधि की इस साल 45वीं सालगिरह है। दोनों देशों की सरकारें इस पल को रिश्तों को सुधारने और स्थिर करने के मौके के तौर पर देख रही हैं। लेकिन जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का एक फैसला चीन को नाराज कर सकता है। किशिदा ने चीन के उस राजदूत से मिलने से इंकार कर दिया जो जापान में अपना कार्यकाल पूरा करके चीन वापस लौट रहे थे। राजदूत की तरफसे खुद इस मुलाकात की रिक्वेस्ट की गई थी। यह घटना फरवरी महीने के अंत की है लेकिन कुछ दिनों पहले सामने आई है। जापान में चीन के राजदूत रहे कोंग



जुआनयू ने विदाई से पहले पीएम किशिदा को एक संदेश भेजा था। यह परंपरा है कि जब कोई राजदूत कार्यकाल पूरा करके लौटता है तो पीएम के साथ उनकी मीटिंग होती है। मगर इस मीटिंग के बदले किशिदा के ऑफिस की तरफ से असाधारण प्रतिक्रिया जुआनयू को दी गई। जापान और चीन दोनों ही सरकारों के सूत्रों की तरफ से इस बात की पुष्टि की गई है कि किशिदा ने उनसे मुलाकात के अनुरोध को ठुकरा दिया था। जापानी सरकार के एक अधिकारी की तरफ से बताया गया है कि प्रधानमंत्री और राजदूत समान नहीं हैं। राजनयिक प्रोटोकॉल के मामले में कोई समस्या नहीं है। जब चीन में पूर्व जापानी राजदूत ने अपना पद छोड़ा, तो वह भी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और बाकी टॉप ऑफिशियल से नहीं मिल पाए थे। ऐसे में जो फैसला लिया गया वह पारस्परिक दृष्टिकोण से जुड़ा था। निक्केई एशिया की एक रिपोर्ट की मानें तो फुकुशिमा परमाणु संयत्र में जिस तरह से ट्रिटेड पानी को छोड़ा गया, उससे पीएम किशिदा काफी चिंतित हैं। अब उनकी योजना जापान की जनता की राय और यूक्रेन में स्थिति को देखने के बाद चीन को जवाब देने की है। जापान ने जो कुछ किया है उसने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक बयान याद दिला दिया है। जयशंकर ने हाल ही में हुए एक कार्यक्रम में कहा था, आप शांति और स्थिरता को कम नहीं कर सकते हैं। न ही आप फिर यह कह सकते हैं कि बाकी रिश्ते को सामान्य होने दें। आप सीमा पर हिंसा और देश के अंदर इलाकों में कारोबार नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि जापान ने चीन को भारत की तर्ज पर ही सबक सिखाया है। सूत्रों के मुताबिक इस साल जनवरी में चीन की तरफ से जापान की सरकार से कॉन्टैक्ट किया गया था। वह कोंग के ऑफिस छोड़ने से पहले किशिदा से मिलना चाहते थे। किशिदा की तरफसे बताया गया कि बिजी शेड्यूल के चलते यह मीटिंग अभी संभव नहीं है। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने तब जुआनयू से मुलाकात की। लेकिन इस बात का ऐलान नहीं किया गया। जापान के ओकिनावा प्रांत में सेनकाकू द्वीप के आसपास चीन की गतिविधियां और हाल ही में जासूसी गुब्बारे के बाद जापान की जनता चीन से काफी नाराज है।

# ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति 12 दिन की यात्रा पर चीन रवाना

एजेंसी, ताईपे । ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति मा यिंग-जोउ 12 दिन की चीन यात्रा पर रवाना हुए। इससे एक दिन पहले ही ताइवान ने अपने 14 राजनयिक साझेदारों में से एक और को चीन के हाथों गंवा दिया। पूर्व राष्ट्रपति निजी क्षमता से चीन की यात्रा पर गए हैं। वह आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए अपने साथ शिक्षाविदों और कॉलेज विद्यार्थियों को लेकर गए हैं।

इसी के साथ उनके परिवार के सदस्य भी यात्रा में उनके साथ हैं। इस यात्रा के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। जोउ की नीतियां ताइवान और चीन को करीब लेकर आई थी, लेकिन उनके पद से हटने के बाद मुख्य भूमि (चीन) के साथ व्यापार समझौते के खिलाफव्यापक प्रदर्शन हुए और उनके उत्तराधिकारी द्वीप की स्वायत्तता की रक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है। जोउ की यात्रा चीन और ताइवान के बीच



बढ़ते तनाव के मध्य हो रही है। बीजिंग ताइवान पर दबाव बनाता है और उसके राजयनिक सहयोगियों को उससे दूर करता है और करीब-करीब रोज ही लड़ाकू विमान द्वीप की ओर भेजता है। रविवार को मध्य अमेरिकी देश होन्डुरस ने ताइवान का साथ छोड़कर चीन के साथ राजनयिक रिश्ते स्थापित किए और अब सिर्फ 13 देश रह गए हैं जो ताइवान को संप्रभु राष्ट्र के तौर पर मान्यता देते हैं। विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी के सदस्य जोउ शंघाई पहुंचेंगे और फिर नजदीकी नानजिंग से अपनी यात्रा शुरू करेंगे। माना जा रहा है कि वह 27 मार्च से सात अप्रैल तक यात्रा पर हैं। इस दौरान वह वुहान और चांगशा समेत अन्य शहरों का दौरा करेंगे। वह बीजिंग नहीं जाएंगे। जोउ ने सोमवार दोपहर चीन रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें उम्मीद है कि युवाओं के जोश और उनकी आपस में बातचीत रिश्तों में सुधार कर पाएगी और तेजी से शांति लाएगी। उन्होंने कहा कि वह पहली बार चीन की यात्रा पर जा रहे हैं।

# सरकार के तत्काल कदम से घरेलू स्टार्टअप कंपनियों पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा : वैष्णव

एजेंसी, नयी दिल्ली । केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) की विफलता के बाद घरेलू स्टार्टअप की मदद के लिए सरकार ने तत्काल कदम उठाया है। इससे सुनिश्चित हुआ कि उन पर 'मामूली संकट का प्रतिकूल असर नहीं पड़े। उन्होंने पूरे स्टार्टअप समुदाय से भारतीय बैंक क्षेत्र को अपना भरोसेमंद साथी मानने का आह्वान किया। वैष्णव ने कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग के क्षेत्रों में भारत के तेजी से उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया। मंत्री ने भारत वैश्विक मंच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब भारत को केवल प्रौद्योगिकी उपभोक्ता के तौर पर देखा जाता था लेकिन आज कई वैश्विक कंपनियां



भारतीय स्टार्टअप, उद्यमियों और शिक्षाविदों को अपने भागीदार के रूप में पसंद करती हैं, क्योंकि इससे प्रौद्योगिकी के विकास पर सकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने कहा, ''...हम इन दो प्रौद्योगिकियों में भारत और दुनिया के लिए समाधान विकसित करने के लिए भारतीय प्रतिभा का उपयोग करना चाहेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत चौटजीपीटी की तरह कुछ बना सकता है, मंत्री ने कहा, ''कुछ सप्ताह इंतजार कीजिए, बड़ी घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भारत जैसा भरोसेमंद भागीदार महत्वपूर्ण है। वैष्णव के अनुसार, पूरी दुनिया में माना जा रहा है कि भारत को एक प्रमुख सेमीकंडक्टर विनिर्माण गंतव्य के रूप में उभरना चाहिए। सरकार देश में एक जीवंत सेमीकंडक्टर विनिर्माण परिवेश तंत्र सुनिश्चित करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक के पतन के बाद सरकार उन भारतीय स्टार्टअप को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाने शुरू कर दिए जिनकी बैंक में जमा राशि थी। उन्होंने कहा, ''हमने उस मामूली संकट के लिए तुरंत कदम उठाया और पूरे स्टार्टअप समुदाय के साथ जुड़े। इसके यह सुनिश्चित किया कि जो भी जमा राशि वे भारतीय बैंकों में स्थानांतरित करना चाहते हैं, वह आसानी से हो ... सरकार की विभिन्न इकाइयों के बीच सहयोग से पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया गया। वैष्णव ने वैश्विक उद्यमियों और नवप्रवर्तकों को देश और दुनिया के लिए विश्वसनीय प्रौद्योगिकी विकसित करने को भारत की बढ़त का लाभ उठाने को कहा।

# बारिश से गेहूं की कीमतों में गिरावट थमी

एजेंसी, नयी दिल्ली । आटा मिल एसोसिएशनों ने कुछ सप्ताह पहले एक प्रेस कार्यक्रम में आटे की कीमत कम होने के साथ उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में इसके असर की उम्मीद जताते हुए कहा था कि इससे उच्च कीमतों से जूझ रही सरकार को राहत मिल सकती है। बहरहाल गेहूं का उत्पादन करने वाले प्रमुख राज्यों में हाल में हुई बारिश ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

आंकड़ों से पता चलता है कि 11 मार्च से 23 मार्च के बीच बेमौसम बारिश ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जिससे बेहतर गुणवत्ता वाले गेहूं की कीमत करीब 50 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई है। वहीं खराब



गुणवत्ता के गेहूं की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे है। क्रिसिल रेटिंग ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में कहा है, 'मध्य प्रदेश और गुजरात में ओले की वजह से गेहूं का उत्पादन 3-4 प्रतिशत घट सकता है। गेहूं, धान, जीरा, प्याज, टमाटर और आम की फसल को हुए नुकसान का असर इसकी कीमत पर पड़ेगा।'व्यापारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इंदौर मंडी में 11 मार्च को गेहूं की कीमत 1,800 से 2,400 रुपए प्रति क्विंटल थी, जो 23 मार्च को बढ़कर 1,850 से 2,450 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। इसी तरह से राजस्थान की कोटा मंडी में गेहूं का कारोबार 11 मार्च को 2,050 से 2,500 रुपए प्रति क्विंटल पर हो रहाथा, जो 23 मार्च को 1,950 से 3,000 रुपए क्विंटल पर पहुंच गया।बहरहाल महंगाई दर के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी 2023 (जिसका हाल का आंकड़ा उपलब्ध है) में जहां गेहूं की महंगाई दर थोक मूल्य सूचकांक में जनवरी के 23.63 प्रतिशत से गिरकर 18.54 प्रतिशत रह गई है। वहीं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर (जिसमें आटा शामिल होता है) इस अवधि के दौरान जनवरी के 25.05 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 25.37 प्रतिशत हो गई। इससे पता चलता है कि भले ही थोक बाजार में गेहूं की कीमत कम हुई है, ग्राहकों के स्तर पर कीमत में गिरावट अभी नहीं हुई है। भारी बारिश और ओले पड़ने की वजह से गेहूं की गुणवत्ता खराब हुई है, जिसकी बाजार में कम कीमत मिल रही है। केंद्र सरकार ने करीब 50 लाख टन गेहूं बेचने का फैसला किया है, इसका भी असर गेहूं की कीमत पर पड़ा है। अब तक मिलर्स और ट्रेडर्स ने 50 लाख टन में से करीब 38 लाख टन गेहूं खरीदा है।


# इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे पर रोकी गई उड़ानें

एजेंसी, तेल अवीव इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा है कि सरकार की न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव की योजना के विरोध में हड़ताल का आह्वान किए जाने के बाद देश के मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया है। देश के सबसे बड़े श्रमिक संघ ने इस हड़ताल का आह्वान किया और इससे इजराइल की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंच सकता है। विमानों के उड़ान न भरने से हजारों लोगों के प्रभावित होने की आशंका है। बहरहाल, देश में आ रहे विमान तेल अवीव के बाहरी इलाके में स्थित बेन-गुरियन हवाई अड्डे पर उतर सकेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन



नेतन्याहू के न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव के लिए प्रस्तावित विधेयक का देशभर में अभूतपूर्व विरोध हो रहा है।

# संकट में डूबे सिलिकॉन वैली बैंक को मिला सहारा, फर्स्ट सिटिजन बैंक ने खरीदा




एजेंसी, न्यूयॉर्क । वित्तीय संकट से घिरे अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक को लेकर बड़ी खबर है। सिलिकॉन वैली बैंक को फर्स्ट सिटीजन बैंक ने खरीद लिया है। बैंक को आर्थिक संकट से निकालने के लिए फर्स्ट सिटीजन बैंकशेयर इंक ने इसे फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन से खरीदा है। इस बारे में फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि फर्स्ट सिटीजन बैंक और ट्रस्ट ने सिलिकॉन वैली बैंक के सभी डिपॉजिट्स और लोन को खरीदने के लिए सहमति दे दी है। एफडीआईसी ने बयान में बताया कि 27 मार्च को सिलिकॉन वैली ब्रिज बैंक, नेशनल एसोसिएशन के 17 ब्रांचेज फर्स्ट सिटीजन्स के नाम से खुलेंगे। सिलिकॉन वैली बैंक के ग्राहक मौजूदा ब्रांच का इस्तेमाल कर पाएंगे। हालांकि, इसके फर्स्ट सिटीजन्स से मिले नोटिस की जरूरत होगी। जारी बयान के मुताबिक इसके सभी अन्य ब्रांचेज पर फुल सर्विस बैंकिंग की अनुमति देने के लिए सिस्टम कनवर्जन पूरा हो गया है। बात सिलिकॉन वैली बैंक के कुल ऐसेट्स की करें तो ये 10 मार्च तक के आंकड़ों के मुताबिक 167 अरब डॉलर पर थे और इसके कुल डिपॉजिट 119 अरब डॉलर के थे। इस ट्रांजेक्शन में सिलिकॉन वैली बैंक के 72 अरब डॉलर के ऐसेट्स डिस्काउंट पर खरीदे गए। इन ऐसेट्स को 16.5 अरब डॉलर के डिस्काउंटेड प्राइस पर खरीदा गया है। बता दें, अमेरिका के सिलिकन वैली बैंक के डूबने के बाद फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन को इसका रिसीवर नियुक्त किया गया था। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) को सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने से करीब 20 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

# दाने-दाने को तरसा पाकिस्तान

## आटे के लिए मची भगदड़ में 2 लोगों की मौत व 8 घायल

एजेंसी, पेशावर। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। पाकिस्तान में एक तरफ आम जनता भूख से मर रही है तो दूसरी तरफअधिकारी गेहूं बेचने में मस्त हैं। आटा देश के लए एक बड़ा संकट बन कर उभरा है। यही नहीं आटे के लिए जद्दोजहद करने वाले लोग जान तक गंवा रहे हैं। बताया जा रहा है पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मुफ्त में आटा बांटा जा रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ जुटने के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई व 8 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी पत्रकार इफ्तिखार फिरदौस ने एक वीडियो ट्वीट कर खराब हालातों का बारे में बताया है। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा, खैबर पख्तूनख्वा का बन्नू इलाका सबसे रूढ़िवादी क्षेत्रों में से एक है। लेकिन गरीबी की मार ऐसी है कि यहां कि महिलाएं सड़क पर निकलने को मजबूर हो गई हैं।



इसके साथ उन्होंने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें महिलाओं को सड़क पर बैठे देखा जा सकता है। उन्होंने सड़क को जाम कर रखा है। पाकिस्तान के सिंध में शनिवार को 67 अधिकारियों को 40 हजार टन गेहूं चुराने के मामले में सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही इनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह वही गेहूं था जो रूस से पाकिस्तान की भूखी जनता का पेट भरने के लिए आया था। 10 जिलों में मौजूद सरकारी गोदामों से यह गेहूं चोरी किया गया है। आटा इस समय पाकिस्तानी मुद्रा में 150 रुपए से ज्यादा की कीमत पर बिक रहा है।

# अमेरिका के गुरुद्वारे में दो लोगों को गोली मारकर हत्या




एजेंसी, न्यूयार्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में स्थित एक गुरुद्वारे में दो लोगों को गोली मार दी गई है। अधिकारियों ने घटना का संबंध 'नफरती अपराध से होने से इनकार किया है। सैक्रामेंटो काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता सार्जेंट अमर गांधी के मुताबिक, गोलीबारी गुरुद्वारा सैक्रामेंटो सिख सोसाइटी में रविवार दोपहर ढाई बजे हुई। घटना गुरुद्वारे में पहले नगर कीर्तन के दौरान हुई।'सैक्रामेंटो बी अखबार की खबर के मुताबिक, गांधी ने कहा कि गुरुद्वारे में दो व्यक्तियों के बीच लड़ाई होने लगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने दूसरे व्यक्ति के मित्र को गोली मार दी। इसके बाद लड़ाई में शामिल दूसरे व्यक्ति ने अपने दोस्त को गोली मारने वाले शख्स को गोली मार दी और फरार हो गया।'फॉक्स 40.कॉम पोर्टल की खबर के मुताबिक, गांधी ने कहा कि गोलीबारी की घटना का संबंध नफरती अपराध से नहीं है और यह दो लोगों के बीच हुए झगड़े का नतीजा है जो एक-दूसरे को पहले से जानते थे।

गांधी ने कहा कि पहले दोनों व्यक्तियों में हाथापाई हुई और फिर गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि एक संदिग्ध भारतीय पुरुष बताया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या इस घटना से इलाके में किसी खतरे की आशंका है तो भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। घटना में जख्मी हुए दोनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे खतरे से बाहर हैं। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अधिकारियों को दो व्यक्तियों को हथकड़ी लगाकर ले जाते हुए देखा गया। हालांकि यह साफ नहीं है कि क्या यही लोग घटना में शामिल थे।

CMYK

## कार्तिक आर्यन की महबूबा बनने को तैयार सारा अली खान आशिकी 3 में काम करने पर दिया ये जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गैसलाइट के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म में सारा के साथ एक्टर विक्रांत मेसी और एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। सारा अपनी मूवी के प्रमोशन कर रही हैं। ऐसे में एक्ट्रेस की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों की सुर्खियों में बनी हुई हैं। जहां एक तरफ सारा अपनी फिल्म गैसलाइट को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, दूसरी तरफ खबर है कि सारा अली खान जल्द ही अपने रूमर्ड एक्स बॉयफ्रेंड कार्तिक आर्यन स्टारर आशिकी 3 में नजर आएंगी। हाल ही में सारा ने अपने कार्तिक संग फिल्म आशिकी 3 में काम करने को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने कहा कि देखो, मैं आशिकी 3 में काम करना पसंद करूंगी। लेकिन अभी तक मुझे ऑफर नहीं हुई है। कार्तिक की फिल्म आशिकी 3 का ऐलान कुछ समय पहले ही हुआ था। इस फिल्म का टीजर दर्शकों को काफी पसंद आया था। मगर अभी तक फिल्म की लीड एक्ट्रेस को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि सारा अली खान और कार्तिक आर्यन की जोड़ी दर्शकों को पहली बार फिल्म लव आजकल 2 में देखने को मिली थी। लव आजकल 2 को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया था। मगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। भले ही फिल्म दर्शकों को पसंद नहीं आई थी मगर सारा और कार्तिक की जोड़ी ने लोगों को दिल जरुर जीत लिया था। खबरें है कि उस समय कार्तिक और सारा एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। मगर फिल्म की रिलीज के कुछ टाइम बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। लेकिन अब दोनों अपनी लाइफ में मूव ऑन कर चुके हैं और दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिलती है। ऐसे में फैंस इस जोड़ी को फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

»» बॉलीवुड ««

## करीना कपूर के हाथ से निकली सलमान खान की बजरंगी भाईजान 2! इस साउथ एक्ट्रेस ने मारी बाजी

साल 2015 में आई सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। साल 2021 में सलमान खान ने अपनी सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल का ऐलान किया था। बताया जा रहा है कि बजरंगी भाईजान के सीक्वल का नाम पवन पुत्र भाईजान रखा गया है। फिल्म के सीक्वल को लेकर अब एक नया अपडेट सामने आया है। साल 2015 में आई बजरंगी भाईजान में सलमान खान के अलावा करीना कपूर, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और हर्षाली मल्होत्रा अहम रोल में नजर आए थे। मगर बजरंगी भाईजान के सीक्वल को लेकर जो नई अपडेट सामने आई है उसके मुताबिक, करीना कपूर खान को इस फिल्म से रिप्लेस कर दिया गया है। करीना की जगह साउथ की एक एक्ट्रेस को फिल्म में कास्ट किया गया है। आरआरआर फिल्म के राइटर विजयेंद्र प्रसाद सलमान की फिल्म के सीक्वल की कहानी पर काम कर रहे हैं। वहीं, अब खबर है कि करीना कपूर की जगह साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को फिल्म की लीड एक्ट्रेस के रोल में कास्ट कर लिया है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि पूजा फिल्म में नए रोल में दिखेंगी या फिर वो करीना के ही रोल में दिखाई देंगी। वहीं, फिल्म से जुड़े एक सूत्रों ने करीना को रिप्लेस करने के बारे में बात करते हुए कहा, फिल्म का टाइटल पवन पुत्र तो सही है। लेकिन बाकी बातें ख्याली पुलाव हैं। जब अभी कोई स्क्रिप्ट ही नहीं है तो एक्टर्स को कैसे रिप्लेस किया जा सकता है? सीक्वल फिलहाल प्रोडक्शन स्टेज तक भी नहीं पहुंचा है। ऐसे में करीना को पूजा से रिप्लेस करने की अभी संभावना भी नहीं है। एक और बात क्या करीना को ऐसा लगता है कि उनकी जगह कोई और ले सकता है? खास बात ये है कि साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस पूजा हेगड़े और सलमान खान फिल्म किसी का भाई किसी की जान में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में पहली बार पूजा और सलमान की जोड़ी दर्शकों को बिग स्क्रीन पर देखने को मिलने वाली है। ये फिल्म 21 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






## फिल्म प्रमोशन के दौरान तब्बू संग फैन ने कर डाली ये हरकत, सामने आया वीडियो तो लोगों ने लगाई क्लास




बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म भोला लम्बे समय से अपने प्रदर्शन के लिए खूब सुर्खियां बटोर रही हैं तो वही इस फिल्म को सुपर-डुपर हिट बनाने के लिए इसकी पूरी कास्ट और साथ ही फिल्म के मैन लीड्स अजय देवगन और एक्ट्रेस तब्बू भी बेहद मेहनत करते नजर आ रहे हैं। फिल्म जितने अपने रिलीज के पास आती जा रही हैं एक्टर्स उतना ही अपनी फिल्म को लोगो तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। हमने ये अक्सर देखा भी हैं की अपने पसंदीदा बॉलीवुड एक्टर्स को देखने के लिए फैन्स बेताब रहते हैं। लेकिन अगर उन्हें उनको छूने का मौका मिल जाए तो फिर क्या बात है। हालांकि कई बार ऐसी सिचुएशन में खुद फिल्मी स्टार्स भी थोड़े ऑक्वर्ड हो जाते हैं लेकिन आप ये सौ रहे होंगे की हम आपको ये सब क्यों बता रहे हैं क्योंकि इससे मिलता जुलता ही एक वाकया हुआ दिल्ली में। जब वहां पहुंचे श्भोलाश् एक्टर अजय देवगन और तब्बू। दोनों को करीब से देख फैन्स बेकाबू हो गए। उसमें से तो कुछ तो एक्टर्स से मिलने का मौका भी मिला। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है उसमें एक्ट्रेस फैन से मिलने के दौरान थोड़ा अनकम्फर्टेबल दिख रही थी। जिसके बाद लोगों ने एक्ट्रेस को काफी खरी-खोटी सुनाई हैं। ऐसे ही अपनी फिल्म को प्रमोट करने पहुंचे अजय और एक्ट्रेस तब्बू के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उनके लिए उस अवस्था को इग्नोर कर पाना थोड़ा असहज हो गया। दरहसल ये घटना एक्ट्रेस तब्बू के साथ हुई जब फिल्म प्रमोशन के दौरान तब्बू स्टेज पर खड़ी थी थी और तभी एक फैन उनसे आकर थोड़ा क्लोज हो गयी और उनके पेट पर हाथ रख दिया। इसी दौरान एक फैमिली ने भी इन दोनों स्टारकास्ट के साथ ग्रुप फोटो क्लिक करवाई। इसमें एक बच्ची थी। जिसने पहले अजय से चिपककर फोटो खिंचवाई। एक्टर ने आराम से बड़े प्यार से पोज दिया। उनको कोई आपत्ति नहीं हुई लेकिन जब उसने यही चीज तब्बू के साथ की तो उनका मुंह बन गया। इस बच्ची फैन ने जैसे ही तब्बू के पास जाने की कोशिश करते हुए एक्ट्रेस के करीब गई तभी उसने एक्ट्रेस के पेट पर हाथ रख दिया। वो उनसे चिपककर फोटो क्लिक करवाना चाहती थी मगर उसके हाथ रखते ही एक्ट्रेस पीछे हो गई। ऐसे रिएक्ट किया जैसे कि उन्हें लग गई हो। साथ ही उन्होंने अजीब-सा रिएक्शन भी दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने उस बच्ची का हाथ पकड़ा और हटाने के लिए कहा। नतीजन लड़की ने दो सेंटीमीटर की दूरी पर खड़े होकर पोज दिया।अब इस वीडियो को देखने के बाद लोगों का पारा हाई हो उठा हैं लोग तब्बू पर गुस्सा जता रहे हैं।



»» बॉलीवुड ««

## फतेह की शूटिंग से पहले सोनू सूद संग जैकलीन फर्नांडिज ने गुरुद्वारे में टेका मत्था

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज बीतें काफी टाइम से महाठग चंद्रशेखर संग अपने रूमर्ड अफेयर को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। सुकेश लगातार जेल से एक्ट्रेस के नाम चिट्ठी लिख रहा है एक बार फिर सुकेश ने जैकलीन के नाम खत लिखा है मगर सुकेश के इन लेटर्स का एक्ट्रेस पर कोई असर नही पड़ता है। इस बात का इशारा उन्होंने अपनी लेटेस्ट पोस्ट से दे दिया है। जैकलीन फर्नांडिज का पूरा फोकस इन दिनों अपने काम पर है। एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म फतेह की शूटिंग शुरु कर दी है जिस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने चाहने वालों के साथ शेयर की है। फिल्म के लीड एक्टर सोनू सूद के साथ जैकलीन फिल्म की शूटिंग पंजाब के अमृतसर में कर रही हैं। शूटिंग से पहले दोनों ने गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका। जैकलीन फर्नांडिज ने इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर की है जिसमें एक्ट्रेस के साथ सोनू सूद के साथ दिखाई दे रहे हैं। पहली तस्वीर में दोनों गुरुद्वारे में नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में सोनू सूद बाइक पर बैठे हैं तो जैकलीन उनके साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तीसरी फोटो में जैकलीन सिर पर पल्लू डाले बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अपनी इस पोस्ट के शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, श्फतेह की शूटिंग का पहला खूबसूरत दिन। इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने सोनू सूद को टैग किया था। इस पोस्ट को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और जमकर अपने रिएक्शन भी दे रहे हैं। ज्यादातर सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें फिल्म की शूटिंग के लिए बधाई दे रहे हैं। बता दें कि फतेह एक साइबर क्राइम पर आधारित फिल्म है। इसकी कहानी सच्ची घटना से प्रेरित है। सोनू सूद काफी वक्त से इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे। इसके लिए वह कुछ प्रोफेशनल हैकर्स से भी मिले, ताकि कहानी में सच्चाई दिखाई जा सके। सोनू की तरह ही जैकलीन भी अपनी फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हैं।



हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK